सूर्योदय 6:19 सूर्यास्त 5:55
आज का तापमान
शिमला 14.0 न्यू 23.0 अधि
धर्मशाला 16.0 न्यू 29.2 अधि
बाजार
सेंसेक्स 81611.41
निफ्टी 24998.45
सोना 76,640 चांदी 92,075

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 11 अक्तूबर 2024 | 26 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 295, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702




## राम नवमी: मां सिद्धिदात्री



**राम** नवमी के दिन कन्या पूजन किया जाता है और मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मां की पूजा से समस्त सिद्धियों का ज्ञान प्राप्त होता है। जीवन से हमेशा के लिए अंधकार का अंत होता है। मां की पूजा बेहद शुभ मानी गई है। इसके अलावा यह दिन बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन कन्याओं का पूजन करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। नवरात्र में व्रत रखने के बाद कन्या पूजन करने से माता प्रसन्न होती हैं। सुख-समृद्धि, धन-संपदा का आशीर्वाद देती हैं। इसके साथ ही कन्या पूजन करने से कुंडली में नौ ग्रहों की स्थिति मजबूत होती है।

ॐ सिद्धिदात्यै नमः।।
सर्वभूता यदा देवी स्वर्गमुक्ति प्रदायिनी।
त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः।।

## हिमाचल में पांच दिन साफ रहेगा मौसम

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में अगले पांच दिन मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में उछाल आएगा। प्रदेश का औसत तापमान पहले ही सामान्य से 1.2 डिग्री ज्यादा चल रहा है। आगामी पांच दिनों के दौरान धूप खिलने से इसमें और इजाफा होगा। हालांकि, अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में रात का तापमान गिरना शुरू हो गया है। केलांग के न्यूनतम तापमान में सबसे ज्यादा 3.1 डिग्री की कमी आई है। केलांग का तापमान गिरकर 3.9 डिग्री सेल्सियस रह गया है। कुकुमसेरी का तापमान भी 4.2 डिग्री, कल्पा 7 डिग्री और समदो का 9.3 डिग्री तक न्यूनतम तापमान गिर गया है।

## ज्ञानवापी : हिंदू पक्ष ने दाखिल किया जवाब

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद के परिसर का एएसआई से सर्वे कराने का आदेश देने संबंधी याचिका पर वीरवार को हिंदू पक्ष के वकीलों ने जवाब दाखिल किया। मामले की अगली सुनवाई 16 अक्तूबर को होगी। हिंदू पक्ष ने कहा कि ज्ञानवापी परिसर में एएसआई का सर्वेक्षण अधूरा है और एएसआई बिना खुदाई के सही रिपोर्ट नहीं दे सकती।

## 'एक देश एक चुनाव' के खिलाफ प्रस्ताव पास

**तिरुवनंतपुरम।** केरल विधानसभा ने 'एक देश-एक चुनाव' के खिलाफ वीरवार को सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें केंद्र सरकार से अपील की कि वह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव को मंजूरी देने के अपने फैसले को वापस ले। विजयन सरकार ने इसे अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक करार दिया है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के प्रस्ताव की अनुशंसा रामनाथ कोविंद पैनल की ओर से की गई है।

## मानवाधिकार परिषद के लिए 18 सदस्य चयनित

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मेक्सिको, उत्तरी मेसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

बिलासपुर में 11 खाद्य पदार्थों के सैंपल फेल -पेज 2
डिपो में तोलने पर कम निकल रहा आटा-चावल -पेज 6
4 साल के बाद भी चिंतपूर्णी हेलिपैड का कार्य अधूरा -पेज 10
निगरानी में रखे वन्यजीवों की आबादी 73 फीसदी घटी -पेज 13
नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का गौतम गंभीर को दिया श्रेय -पेज 14

# आधुनिक भारत के शिल्पी रतन टाटा पंचतत्व में विलीन

## मुंबई के वर्ली में हिंदू रीति-रिवाज और राजकीय सम्मान से हुआ अंतिम संस्कार

**एजेंसी, मुंबई**

**आधुनिक** भारत के शिल्पी रतन टाटा का वीरवार को मुंबई के वर्ली श्मशानघाट में राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान अमित शाह, महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे, गुजरात सीएम भूपेंद पटेल, देवेंद्र फणनवीस, केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल समेत अन्य दिग्गज मौजूद रहे।

पद्म विभूषण रतन टाटा को गन सैल्यूट के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनका पार्थिव शरीर, तिरंगे में लिपटा, नरीमन प्वॉइंट स्थित नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स से वर्ली स्थित श्मशान भूमि लाया गया, जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया है। पारसी समुदाय की पारंपरिक दखमा के बजाय, उनका दाह संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार से पहले वर्ली श्मशानघाट पर रतन टाटा के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए रखा गया। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा ने 86 साल की उम्र में बुधवार देर रात करीब 11 बजे अंतिम सांस ली। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेंसिव केयर यूनिट में एडमिट थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। रतन टाटा मार्च 1991 से 28 दिसंबर 2012 तक टाटा समूह के अध्यक्ष रहे। 2016-2017 तक एक बार फिर उन्होंने समूह की कमान संभाली। इसके बाद से वह समूह के मानद चेयरमैन की भूमिका में आ गए थे। उनका जन्म 28 दिसंबर 1937 को हुआ था। उन्होंने अपने कार्यकाल में टाटा समूह को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया और उदारीकरण के दौर में समूह को उसके हिसाब से ढाला।



### राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने जताया शोक

**राष्ट्रपति** मुर्मू ने कहा कि भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है। पीएम मोदी ने कहा कि टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक टाटा ग्रुप को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया। वहीं, मुकेश अंबानी, गौतम अडाणी, आनंद महिंद्रा, सुंदर पिचाई, कांग्रेस नेता राहुल गांधी सहित अन्य नेताओं टाटा रतन के निधन पर शोक जताया।

## 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को किया संबोधित

# हम शांतिप्रिय देश, 21वीं सदी हमारी है : पीएम मोदी



लाओस की दो दिवसीय यात्रा पर पहुंचे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करती महिलाएं।

**एजेंसी, विएंतियान**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी वीरवार को दो दिवसीय यात्रा के लिए लियोस पहुंचे। 21वें भारत-आसियान शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने 10 साल पहले 'एक्ट ईस्ट नीति' की घोषणा की थी और पिछले दशक में इसने भारत और आसियान देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को ऊर्जा, दिशा और गति दी है। पिछले दशक में भारत-आसियान व्यापार दोगुना होकर अब 130 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो गया है।

**बोले- विश्व में संघर्षों और तनावों के समय भारत-आसियान मित्रता महत्वपूर्ण**

मोदी ने कहा कि हम शांतिप्रिय देश हैं। 21वीं सदी, जिसे एशियाई सदी भी कहा जाता है, भारत और आसियान देशों की सदी है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब विश्व के कई हिस्से संघर्ष और तनाव का सामना कर रहे हैं, भारत-आसियान मैत्री, समन्वय वार्ता और सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।

### रामायण का लाओ संस्करण देखा बौद्ध भिक्षुओं का आशीर्वाद लिया

**पीएम** मोदी ने विएंतियान पहुंचने के बाद लाओ रामायण 'फलक फालम' या 'फ्रलक फ्राम' की एक कड़ी का मंचन देखा, जिसे प्रतिष्ठित रॉयल थियेटर ऑफ लुआंग प्रबांग के कलाकारों ने प्रस्तुत किया। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया, जो विएंतियान में सी साकेत मंदिर के प्रतिष्ठित मठाधीश महवेथ मसेनई की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था।

## उमर अब्दुल्ला को नेकां विधायक दल का नेता चुना

**एजेंसी, जम्मू**



**जम्मू**-कश्मीर में नई सरकार के गठन के लिए वीरवार को विधायक दल की बैठक हुई। मीटिंग में नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुना गया।

उमर जम्मू-कश्मीर के नए सीएम होंगे। पार्टी के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने यह जानकारी दी। वहीं, विपक्षी गठबंधन का 3 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को एलजी मनोज सिन्हा से मुलाकात करेगा और सरकार गठन का दावा पेश करेगा। शपथ ग्रहण समारोह 13 या 14 अक्तूबर को होने की उम्मीद है। कांग्रेस को डिप्टी स्पीकर का पद मिल सकता है। कांग्रेस की ओर से डूरू सीट से विधायक जीए मीर या प्रदेश अध्यक्ष और सेंट्रल शाल्टेंग के विधायक तारिक हामिद में किसी एक को कैबिनेट मंत्री का दर्जा मिल सकता है।

## जवाली में ट्रैक्टर पलटा, 3 लोगों की मौत

**अनिल छांगू, ज्वाली**

**कांगड़ा** जिले के जवाली में चादर नामक स्थान पर वीरवार को ट्रैक्टर के पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान चालक रोमित सिंह (31) निवासी पनालथ, संगम कुमार (22) निवासी पोलियां (फतेहपुर) व सूरज कुमार (27) निवासी जैंद इंदौरा के रूप में हुई है।

**चादर मार्ग पर पेश आया हादसा, बजरी लेकर जा रहे थे**



ट्रैक्टर चालक हरसर सोसायटी से चादर मार्ग पर बजरी लेकर जा रहा था। चादर में अचानक ट्रैक्टर आगे से खड़ा होकर ट्रॉली के साथ लग गया, जिस कारण चालक सहित अन्य दोनों लोग उसके नीचे आ गए। ट्रैक्टर पलटने की आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर को खींचकर नीचे किया। लोगों ने तीनों को बाहर निकाला, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू की। एसपी नूरपुर अशोक रतन ने बताया कि ट्रैक्टर पलटने से तीन लोगों की मौत हुई है। पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

## आतिशी का सीएम आवास से सामान बाहर निकालने पर विवाद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** सीएम आवास से बाहर निकाले जाने के एक दिन बाद आतिशी अपने निजी आवास में सीएम ऑफिस का काम करती नजर आईं।

दिल्ली मुख्यमंत्री ऑफिस की तरफ से इसका वीडियो भी शेयर किया गया। इसमें देखा जा सकता है कि आतिशी सीएम आवास से निकाले गए सामान के बीच बैठी हैं। इस दौरान उन्होंने एक फाइल पर साइन भी किए। सीएम आवास को लेकर विवाद तब बढ़ गया, जब 9 अक्तूबर को पीडब्ल्यूडी ने सिविल लाइंस में फ्लैगस्टाफ रोड पर बंगला नंबर 6 को सील कर दिया। दिल्ली एलजी ऑफिस के मुताबिक, यह बंगला मुख्यमंत्री का घर नहीं है और इसे किसी को भी आवंटित किया जा सकता है।



**मुख्यमंत्री ने निजी आवास से किए फाइल पर साइन**

### हरियाणा विधानसभा चुनाव में हार से नाराज राहुल गांधी, बोले-

## नेताओं ने पार्टी से ऊपर रखा निजी हित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर वीरवार को वरिष्ठ पर्यवेक्षकों व प्रभारी के साथ समीक्षा की।



यह बैठक खड़गे के आवास पर हुई। बैठक में राहुल गांधी ने कहा कि हरियाणा में नेताओं का इंटरेस्ट ऊपर रहा, इस कारण से पार्टी का इंटरेस्ट नीचे चला गया। बैठक में तय किया गया कि हार के कारणों को जानने के लिए फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी, जो हरियाणा में जाकर नेताओं से चर्चा करके रिपोर्ट हाईकमान को सौपेंगी। कमेटी में कौन-कौन चेहरे शामिल किए जाएंगे, अभी उनके नामों पर चर्चा नहीं हो पाई है। आधे घंटे चली मीटिंग के बाद कांग्रेस नेता अजय माकन ने प्रेसवार्ता में हुड्डा-सैलजा के मतभेदों पर कहा कि हार के बहुत सारे कारण हैं, जो चुनाव आयोग से लेकर नेताओं के मतभेद तक हैं। इन्हीं सब कारणों पर चर्चा हुई और आगे भी चर्चा करेंगे। इतना बड़ा उलटफेर, एग्जिट पोल जो कह रहे थे, बड़े से बड़ा सर्वे जो कह रहे थे, सभी के सभी एक साथ गलत साबित कैसे हो सकते हैं। आधे घंटे की मीटिंग में इस मामले में किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा जा सकता है।

## साउथ कोरिया की हान कांग को साहित्य का नोबेल पुरस्कार



**स्टॉकहोम।** साहित्य के नोबेल पुरस्कार 2024 की घोषणा हो गई है। इस साल यह पुरस्कार साउथ कोरिया की हान कांग को मिला है। उन्हें जीवन की मार्मिक कहानियों को खूबसूरत अंदाज में पेश करने के लिए सम्मान मिला है। हान कांग ने 1993 में अपने करियर की शुरुआत कविताएं लिखने के साथ की थी। 1995 में उन्होंने कहानियां लिखना शुरू कर दिया था। हान कांग नोबेल प्राइज जीतने वाली अठारहवीं और पहली कोरियाई महिला है।

## सीएम सुक्खू ने तारादेवी मंदिर में की पूजा-अर्चना



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू वीरवार को मां तारादेवी मंदिर में पहुंचे और पूजा-अर्चना कर प्रदेश की समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनकी धर्मपत्नी एवं देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर भी मौजूद रहीं।

**धर्म-कर्म** शंकराचार्य और देशभर के संतजन का होगा प्रादुर्भाव, हिमाचल में पहली बार होगा श्रीरामार्चा महायज्ञ

# छोटी काशी में 6 नवंबर से लगेगा मिनी संत महाकुंभ

**अनिल शर्मा, मंडी**

**छोटी** काशी मंडी में 26 दिन बाद मिनी संत महाकुंभ लगने जा रहा है। इसमें शंकराचार्य महाभाग के साथ-साथ देशभर के संतों का प्रादुर्भाव होगा। बता दें कि हिमाचल प्रदेश में पहली बार श्रीरामार्चा महायज्ञ का आयोजन होगा।

श्रीरामार्चा महायज्ञ को लेकर क्षेत्र के देवी-देवताओं को निमंत्रण पत्र देने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसी कड़ी में महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने प्रथम निमंत्रण सिद्ध गणपति को देकर यज्ञ के निर्विघ्न संपन्न होने की प्रार्थना की। तदोपरांत मंडी रियासत के राजा श्रीराज माधवराय और बाबा भूतनाथ को निमंत्रण पत्र देकर यज्ञ की संपन्नता के लिए प्रार्थना की।



बाबा भूतनाथ मंदिर में निमंत्रण पत्र देते हुए महंत राजेश्वरानंद सरस्वती।

वहीं, मंडी शहर के लगभग 60 से अधिक देवी-देवताओं को उनके मंदिरों में जाकर निमंत्रण पत्र देकर यज्ञ में आने का आग्रह किया। इसके साथ ही सभी मंदिरों की कमेटियों को यज्ञ में आने का निमंत्रण भी दिया गया। महाशिवरात्रि में भाग लेने वाले राज देवी-देवताओं को भी निमंत्रण पत्र जारी करने का क्रम जारी है। कुल्लू रियासत के राजा श्री रघुनाथ और श्री श्रृंगा ऋषि को भी निमंत्रण पत्र दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### क्या है श्रीरामार्चा महायज्ञ

**श्रीरामार्चा** महायज्ञ जहां भी होता है, वहां वेदलक्षणा देसी गाय मौजूद रहती है। महायज्ञ करवाने वाले, देखने व भाग लेने वाले और प्रसाद का एकमात्र कण ग्रहण करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होने के साथ मुक्ति के द्वार खुल जाते हैं। देशभर से ज्ञानियों में अग्रगण्य और ईश्वर अंश संतजनों के दर्शन और वंदन आदि से प्रारब्ध भी बदल जाता है। प्रारब्ध को ईश्वर भी नहीं बदल सकता, लेकिन संत बुरे प्रारब्ध का नाश करने में समक्ष होते हैं। जो मनुष्य अधिक से अधिक एक वर्ष तक संत दर्शन नहीं करता उसका जीवन ही निष्फल है।

### श्रीराम नाम से रावण भी तर गया

**महंत** राजेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सूर्य का प्रकाश, चंद्रमा की शीतलता राम नाम ही है। अग्नि में श्रीराम निकल जाए तो सिर्फ राख बचती है अर्थात शरीर से राम रूपी आत्मा के निकलने से शरीर मिट्टी का हो जाता है। रावण जैसे राक्षस के मुख से भी अंतिम समय में श्रीराम नाम निकला और उसकी मुक्ति हो गई। सतयुग में तप और ध्यान करने, त्रेतायुग में यज्ञ और योग करने, द्वापर में पूजा पाठ कर्मकांड करने और कलयुग में मात्र श्रीराम नाम लेखन जप करने से बराबर पुण्य मिलता है।

## फोर्ब्स लिस्ट में मुकेश अंबानी पहले व अडाणी दूसरे नंबर पर

### भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की संपत्ति 1 ट्रिलियन डॉलर के पार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** के 100 सबसे अमीर व्यक्तियों की संपत्ति बढ़कर 1.1 ट्रिलियन डॉलर हो गई है। बीते वर्ष के मुकाबले इस साल देश के शीर्ष 100 अमीर लोगों में से 80 प्रतिशत की संपत्ति में वृद्धि हुई है।

रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने एक बार फिर फोर्ब्स की 2024 की भारत के 100 सबसे अमीर उद्योगपतियों की लिस्ट में पहला स्थान हासिल किया है।

उनकी कुल संपत्ति 119.5 अरब डॉलर हो गई है, जिससे वह न केवल भारत के सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं, बल्कि 2024 में डॉलर के हिसाब से दुनिया में दूसरे सबसे ज्यादा कमाई करने वाले व्यक्ति हैं। वह दुनिया के 13वें सबसे अमीर व्यक्ति बन गए हैं।



वहीं, अडाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी 2024 की लिस्ट में सबसे बड़े गेनर बनकर उभरे हैं और मुकेश अंबानी के करीब पहुंच रहे हैं। उनकी संपत्ति में 48 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है, जिससे उनकी कुल संपत्ति 116 अरब डॉलर हो गई है। वह दूसरे नंबर पर हैं।




# भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन कार्य के चौथे चरण से पहले मक डंपिंग साइट अनिवार्य

## निर्माता कंपनी ने तीन डंपिंग साइट को किया चिन्हित, जल्द लगेगी मुहर

**शुभम राही, बिलासपुर**



एनजीटी के आदेशों की पालना करते हुए वन विभाग बिलासपुर ने भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन के चौथे चरण के कार्य शुरू होने से पहले मक डंपिंग साइट को फाइनल करवाना अनिवार्य किया गया है। इसके लिए निर्माता कंपनी को जल्द से जल्द मप डंपिंग साइट देखना अनिवार्य है और भूमि चयन के बाद वन विभाग से एनओसी लेना जरूरी है। उसी के बाद यहां पर कार्य शुरू किया जा सकता है।

इसके लिए वन विभाग बिलासपुर की ओर से सख्त आदेश जारी किए हैं और विभाग ने कहा कि कार्य शुरू होने से पहले साइट चिन्हित कर लें और जल्द से जल्द विभाग के पास इसका पूरी जानकारी स्वीकृति के लिए पहुंचनी चाहिए। जानकारी के अनुसार भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन में बध्यात से लेकर बैरी तक तीन टनल और सुरंगों का निर्माण होगा। वर्तमान में इसका कार्य बध्यात तक पहुंच गया है और आगे का कार्य जल्द ही शुरू किया जाना है।

बता दें कि फोरलेन पर बिना डंपिंग साइट के कटिंग करने को लेकर उपजे विवाद के बाद अब नियमों के सख्ती की गई है। किसी भी परियोजना का निर्माण करने से पूर्व डंपिंग साइट अनिवार्य की गई है। इसके लिए निर्माण कार्य करने वाले विभाग या एजेंसी को वन भूमि चयनित करके उसका प्रस्ताव एवं आवेदन वन विभाग को देना होगा। विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद ही निर्माण कार्य किया जा सकता है। बध्यात से बरमाणा-बैरी रेलवे लाइन में बनाने वाली टनलों के लिए सर्वे हो चुका है। वहीं डंपिंग साइट के लिए निर्माण कंपनी के प्रतिनिधि वन विभाग के साथ बैठक कर चुके हैं और उन्होंने जल्द आवेदन करने को कहा है।

गौरतलब है कि बध्यात से बरमाणा तक 11.1 किलोमीटर रेल लाइन का निर्माण किया जाना है। बग्गड़ से खतेड़ के लिए दो किलोमीटर लंबी टनल बनाई जाएगी। इसके अलावा दो अन्य टनल होंगी। साथ ही 100 मीटर पुल का भी निर्माण होगा। फिलहाल बध्यात से आगे भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया चल रही है। बध्यात से बैरी तक रेललाइन के निर्माण के लिए 10 गांवों में 538 बीघा निजी भूमि का अधिग्रहण होना प्रस्तावित है।

> भानुपल्ली-बिलासपुर-बैरी रेललाइन के निर्माण कार्य को लेकर मक डंपिंग साइट पहले बनाना अनिवार्य है। बध्यात से बैरी तक रेललाइन कार्य शुरू होने से पहले मक डंपिंग साइट कंपनी की ओर से देखी गई है। विभाग के पास स्वीकृति मिलने के बाद ही कार्य शुरू हो सकता है। निर्माता कंपनी को मक डंपिंग को लेकर सख्त आदेश जारी है।
> **-राजीव कुमार, डीएफओ बिलासपुर।**

वहीं, बध्यात से आगे वन भूमि पर रेल लाइन बिछाने के लिए 1043 पेड़ और बांस के 40 बड़े झुंड कटेंगे। अभी मंडी-भराड़ी से बामटा तक छह किलोमीटर लंबी रेल लाइन के काम को ही दो कंपनियों को आवंटित किया गया। बामटा में रेलवे स्टेशन एवं जंक्शन बनाया जाएगा। वहीं इस रेल लाइन के अंतर्गत पांच मुख्य रेलवे स्टेशन बनाए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# ब्वॉयज स्कूल हमीरपुर में दो महिला टीचरों का विवाद

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

जिला मुख्यालय पर स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो महिला टीचरों के दरमियान हुआ विवाद अच्छी खासी चर्चा का विषय बना हुआ है। विवाद का रूप स्वरूप ही ऐसा था, जिसकी चर्चा स्कूल के भीतर झट से फैल गई। यदि डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन सैल अचानक घटनाक्रम के समय स्कूल नहीं पहुंचे होते, तो शायद इसका पता नहीं चलता। लेकिन अब जो हुआ उस बारे में कहा जा रहा है कि मामला लंबे समय से चल रहा है।



वीरवार को तो एक और ट्रेलर स्कूल में घटित हो गया। डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन नवीन शर्मा ने इस सारे घटनाक्रम और मामले की रिपोर्ट प्रिंसिपल से तलब की है। यह रिपोर्ट सोमवार को डिप्टी डायरेक्टर को सौंपी जाएगी। क्योंकि अवकाश होने के कारण तीन दिन स्कूल बंद रहेगा।

दरअसल में शहर के स्कूलों में किस तरह के विवाद कोई नई बात नहीं है आए दिन कोई न कोई घटनाक्रम होते रहते हैं लेकिन जब परंपरागत रूप से टीचर इन्हीं स्कूलों में इधर से उधर होते रहते हैं, तो फिर विवाद भी होने हैं। अब यह जो विवाद हुआ है, उसके पीछे की वजह यह बताई जा रही है कि सफाई व्यवस्था को लेकर स्कूल प्रिंसिपल ने संबंधित कुछ टीचर्स की ड्यूटी क्षेत्र के हिसाब से जैसे बनती थी, वैसे बनती हुई थी। किसी के जिम्मे में कुछ था। इसी पर विवाद हुआ।

असल समस्या विवाद की नहीं है जिस तरीके से एक महिला टीचर ने विवाद के दौरान घटनाक्रम किया वह चर्चा में आया और खुद डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन सेल भी अपनी मौजूदगी के बीच इसे देखने में कामयाब रहे यदि अचानक स्कूल कैंपस नहीं पहुंचे होते तो शायद इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा तो होती लेकिन इसकी भनक दूर तक न जाती। अब जांच रिपोर्ट में स्कूल प्रिंसिपल मुस्ताक मोहम्मद, डिप्टी डायरेक्टर इंस्पेक्शन सेल नवीन शर्मा को जो भी रिपोर्ट देंगे, उसका पता तो सोमवार को ही चलेगा। लेकिन जिला मुख्यालय के इन स्कूलों में यदि ऐसा ही हाल रहा, तो फिर यह विद्यालय 'आदर्श' कैसे बन पाएंगे? (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सोनिका ने जीता मिसेज हिमाचल का खिताब

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** जिला हमीरपुर की सोनिका फार्मासिस्ट मिसेज शान-ए-हिमाचल सीजन-5 में हिस्सा लेकर प्रतियोगिता में विजेता बनी है। सफेद दाग की बीमारी होने के बावजूद भी विजेता सोनिका के कदम स्टेज पर कभी नहीं डगमगाते हैं और इसी का परिणाम है कि आज सोनिका ने मिसेज शान-ए-हिमाचल सीजन 5 में मिसेज हिमाचल का खिताब जीता है। हमीरपुर में वीरवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान सोनिका ने कहा कि खुशी जाहिर करते हुए महिलाओं को घर की चारदीवारी से निकल कर आगे बढ़ने की जरूरत है। सोनिका ने बताया कि मिसेज शान-ए-हिमाचल प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले नादौन के एक निजी होटल में हुआ है और इसमें फाइनल में 15 प्रतिभागियों को कड़े मुकाबले में पछाड़ते हुए विजेता का खिताब हासिल किया है। इससे पहले पंजाबी गीत में भी बतौर एक्टर काम कर चुकी है और मॉडलिंग में जाने का बचपन से ही शौक रहा है। (अनंत ज्ञान)



### हरियाणा में उम्मीदों के अनुसार नहीं आए नतीजे: हर्षवर्धन

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हरियाणा में तीसरी बार भाजपा अपनी सरकार बनाने जा रही है और कांग्रेस को इस बार भी विपक्ष में बैठना पड़ेगा। हिमाचल भाजपा के नेता हरियाणा में कांग्रेस के हार का कारण हिमाचल की गारंटियों को बता रहे हैं। वहीं उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इस तरह की परिस्थितियों को सिरे से नकार दिया है और कहा कि राज्यों के चुनाव स्थानीय मुद्दों पर होते हैं और हरियाणा में वोटों का पोलराइजेशन हुआ है, लेकिन प्रदेश में भाजपा के नेता यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि हिमाचल प्रदेश की गारंटियों का असर हरियाणा पर पड़ा है, लेकिन ऐसा कुछ भी नहीं है। जम्मू-कश्मीर में चुनाव जीते हैं और वहां पर सरकार बन रही है, लेकिन हरियाणा में नतीजे उम्मीद के मुताबिक नहीं मिले हैं।



### युवक से 7 ग्राम चिट्टा बरामद, मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पुलिस ने चोरी और चिट्टे तस्करी के मामले में वांछित युवक से धर्मपुर में नाके के दौरान 7 ग्राम चिट्टा बरामद किया। जानकारी के मुताबिक जिला पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम जब पुलिस थाना धर्मपुर के क्षेत्र में गश्त व अपराधों की रोकथाम हेतु मौजूद थी तो उक्त टीम को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली की पंकज उर्फ पंकू नामक युवक जो मादक पदार्थ की खरीद-फरोख्त में संलिप्त रहता है, अपनी स्कूटी नंबर एचपी-64बी-8940 पर सवार होकर परवाणू से धर्मपुर की ओर आ रहा है, यदि इसी समय इसकी स्कूटी की तलाशी ली जाए तो काफी मात्रा में चिट्टा/हेरोइन बरामद हो सकती है। इस सूचना पर उक्त स्पेशल टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए फ्लाईओवर रेलवे फाटक के समीप नाकाबंदी करके परवाणू से आने वाले वाहनों की चेकिंग शुरू कर दी, तो एक स्कूटी चेकिंग के दौरान स्कूटी सवार युवक को करीब 7 ग्राम चिट्टा/हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान पंकज कुमार उर्फ पंकु पुत्र जोगिंद्र कुमार निवासी गांव थड़े का ठाकुरद्वारा जिला सोलन के रूप में हुई है। पुलिस थाना धर्मपुर में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तार आरोपी से गहनता से पूछताछ की जा रही है। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि गिरफ्तार आरोपी पहले भी आपराधिक गतिविधियों में शामिल रहा है।



### मोबाइल टावर लगाने के नाम पर धोखाधड़ी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत दभोटा में एक व्यक्ति से मोबाइल टावर लगाने के नाम पर 5,31,500 रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जगत सिंह पुत्र बखताबर सिंह निवासी गांव दभोटा नालागढ़ ने बताया कि किसी अज्ञात नंबर से आइडिया कंपनी का मोबाइल टावर लगाने के लिए फोन आया और झूठे डाक्यूमेंट्स के जरिए झांसा देकर 5,31,500 रुपया पैसा अलग-अलग बैंक अकाउंट में डलवा कर लूटा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज बिलासपुर में

**बिलासपुर।** हरियाणा में जीत की हैट्रिक के साथ ही जम्मू-कश्मीर में आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शुक्रवार 11 अक्तूबर को बिलासपुर आएंगे। एक सप्ताह के भीतर उनका अपने गृह जिला का यह दूसरा दौरा है। हालांकि, इस बार वह किसी सार्वजनिक कार्यक्रम के लिए नहीं आ रहे हैं, लेकिन बिलासपुर जिला के भाजपा नेता और कार्यकर्ता दोपहर के समय सर्किट हाउस में उनका गर्मजोशी से स्वागत करने की तैयारी में हैं। शाम के समय नड्डा धौलरा स्थित बाबा नाहर सिंह मंदिर के प्रांगण में आयोजित किए जा रहे दुर्गा पूजा उत्सव में भी शिरकत करेंगे। मोदी सरकार-3 में स्वास्थ्य तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री के साथ ही राज्यसभा का नेता बनाए जाने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गत 4 अक्तूबर को पहली बार अपने गृह जिला बिलासपुर आए थे। अब नड्डा 11 अक्तूबर को फिर से बिलासपुर आ रहे हैं।



# आईजीएमसी के नॉन-फंक्शनल ट्रॉमा सेंटर से अढ़ाई करोड़ की चपत : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की सुक्खू सरकार में एक और घोटाला सामने आया है। यह घोटाला ट्रॉमा सेंटर में मैन पॉवर उपलब्ध करवाने के नाम पर हुआ। डेढ़ साल से बंद पड़ा आईजीएमसी का नव निर्मित ट्रॉमा सेंटर सिर्फ कागजों में चल रहा था और वहां पर अलग-अलग समय में सपोर्टिव और पैरामेडिकल स्टाफ की नियुक्ति ठेकेदार के माध्यम से कर दी गई थी। अपने चहेतों को लाभ दिलवाने के लिए सभी कायदे कानून ताक पर रख दिए गए। एक बंद पड़े ट्रॉमा सेंटर में सैकड़ों कर्मचारी की नियुक्ति की गई और बिना एक भी मरीज का इलाज किए ट्रॉमा सेंटर के मैन पॉवर के नाम पर दो करोड़ तीस लाख का बिल सरकार पर लाद दिया गया।

गौरतलब है कि मैन पॉवर के लिए आने वाले खर्च को केंद्र सरकार द्वारा उठाया जा रहा है। यह केंद्र द्वारा जनहित के लिए भेजे गए पैसों की खुलेआम लूट है। फाइनेंस प्रूडेंश और फाइनेंस डिसिप्लिन के नाम पर कर्मचारियों का वेतन और पेंशनधारकों की पेंशन रोकने वाले वाले मुख्यमंत्री की नाक के नीचे इस तरह से जनहित के काम में आने वाले पैसों को अपने चहेतों में बांटा जा रहा है। जयराम ने कहा कि हर दिन सुक्खू सरकार के कारनामें बाहर आ रहे हैं। नया मामला लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ के साथ साथ केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए पैसे की बंदरबांट का है। केंद्र सरकार के सहयोग से बने आईजीएमसी के ट्रॉमा सेंटर का उद्घाटन मुख्यमंत्री ने फीता काटने और पट्टिका लगवाने के शौक में मुख्यमंत्री ने पिछले साल 9 मार्च को कर दिया और उसी के साथ ही मैन पॉवर की भर्ती के लिए अपने चहेते ठेकेदारों को ऑर्डर भी दे दिया। अपेक्षित मैनपॉवर को ठेकेदारों ने ट्रामा सेंटर में नियुक्ति भी दे दी, लेकिन सरकार ट्रॉमा सेंटर को फंक्शनल करना भूल गई। बिना इलाज किए हर महीने ठेकेदार का बिल बनता रहा। बुधवार को ट्रॉमा सेंटर के फंक्शनल करने आए मुख्यमंत्री से भी ट्रॉमा सेंटर में तैनात कर्मचारियों ने मुलाकात की और वेतन न मिलने की शिकायत की।

# बरोटीवाला में कंपनी की छत से गिरकर कामगार की मौत

**बीबीएन।** पुलिस थाना बरोटीवाला के तहत स्टील बर्ड कंपनी में चौथी मंजिल पर काम कर रहा व्यक्ति की गिरकर मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार से हुई। पुलिस ने शव क़ब्ज़े में लेकर कंपनी प्रबंधन व ठेकेदार पर लापरवाही का मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार व्यक्ति स्टील बर्ड कंपनी झाड़माजरी में चौथी मंजिल की छत में चादरें व स्लोशन फोम लगाने का काम कर रहा था और अचानक छत से नीचे लोहे की पीढ़ियों के प्लेटफार्म पर सिर के बल गिरा, जिस कारण कृष्ण के सिर व शरीर में चोटें आई। जिसे एंबुलैंस से इलाज के लिए काठा अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डाक्टर साहब ने कृष्ण को चैक करने के उपरान्त मृत घोषित कर दिया।

जिला बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा ने बताया कि यह हादसा स्टील बर्ड कम्पनी प्रबन्धक व ठेकेदार की लापरवाही व उचित सुरक्षा उपकरण उपलब्ध न करवाने के कारण हुआ है।

# मेलों का संरक्षण आर्थिक एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण : अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन/अर्की**



मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि हिमाचल में मनाए जाने वाले मेलों, उत्सवों और त्यौहारों का संरक्षण आर्थिक एवं सामाजिक रूप से महत्वपूर्ण है। संजय अवस्थी आज अर्की विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत सेवड़ा चण्डी के परयाब स्थित माहूंनाग मन्दिर में आयोजित अष्टमी मेले में उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने इस अवसर पर माहूंनाग मन्दिर में पूजा-अर्चना की और सभी के बेहतर भविष्य एवं खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होंने प्रदेशवासियों को दुर्गाष्टमी और विजयदशमी पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की।

अवस्थी ने कहा कि हिमाचल जैसे दुर्गम भौगोलिक परिस्थितियों वाले प्रदेश में मेले एवं उत्सव मूल रूप से मेल-मिलाप का स्थान रहे हैं। पूर्व में परिवहन के न्यून साधन और संचार की कम व्यवस्था के समय में मेलों एवं उत्सवों के आयोजन जहां लोगों को एक-दूसरे से मिलने का अवसर प्रदान करते थे वहीं क्षेत्र विशेष की समृद्ध लोक कला एवं रीति-रिवाजों की जानकारी भी प्रदान करते थे। नागरिक अस्पताल अर्की में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति से क्षेत्रवासियों को अपने घर-द्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हुई हैं। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालय अर्की में दो विषयों में पीजी कक्षाएं आरंभ होने से लड़कियों को विशेष लाभ मिला है। सेवड़ा चंडी में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं और भविष्य में इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित किया जाएगा। इस अवसर पर उन्होंने सामुदायिक भवन परयाब के लिए दो लाख रुपए व माहूनाग मंदिर में शौचालय निर्माण के लिए दो लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने इस क्षेत्र की मांगों को प्राथमिकता के आधार पूरा करने का आश्वासन भी दिया।

# युवाओं के विकास में शारीरिक शिक्षा की भूमिका अहम : अनुराग ठाकुर



**अनंत ज्ञान, शिमला**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने दिल्ली में एक्शन कमेटी (भारत में प्राइवेट स्कूलों के सबसे बड़े संगठन) द्वारा आयोजित शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया व स्कूली छात्रों व युवाओं में शारीरिक शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए एकाग्रता की आवश्यकता होती है, शारीरिक गतिविधियां मानसिक तनाव को कम करती हैं और एकाग्रता में वृद्धि करती है। स्कूली छात्रों व युवाओं में शारीरिक शिक्षा उनके सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और इस दिशा में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि आज की बदलती जीवनशैली में फिजिकल एजुकेशन टीचर युवाओं में सफलता, आत्मविश्वास व अनुशासन की भावना विकसित करने में अहम रोल निभा रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अंतर्गत फिट इंडिया मूवमेंट और खेलो इंडिया जैसी पहल हमारे युवाओं में फिटनेस और खेल भावना की संस्कृति को बढ़ावा दे रही हैं। हम सब मिलकर एक ऐसी पीढ़ी का निर्माण कर रहे हैं जो स्वास्थ्य, फिटनेस और टीम वर्क को महत्व देती है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा का अभिप्राय केवल पुस्तकों का ज्ञान अर्जित करना ही नहीं, अपितु शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति के मानसिक विकास के साथ-साथ उसके शारीरिक विकास की ओर भी ध्यान देना है। शिक्षा तथा खेल एक-दूसरे के पूरक हैं। एक के बिना दूसरा अपंग है। शिक्षा यदि परिश्रम लगन, संयम, धैर्य तथा भाईचारे का उपदेश देती है तो खेल के मैदान में विद्यार्थी इन गुणों को वास्तविक रूप में अपनाता है।

# रतन टाटा भारत के एक बड़े दानवीर थे : शांता कुमार

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने भारत के उद्योग जगत के एक प्रमुख दानवीर उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर शोक प्रकट किया है। एक बहुत बड़े उद्योगपति होते हुए भी वे भारत के एक बहुत बड़े दानवीर व्यक्ति थे। अपनी कमाई का एक बहुत बड़ा हिस्सा वे प्रतिवर्ष समाज सेवा में लगाते थे। उन्होंने कहा कि मैं जब केंद्र में मंत्री था तो एक बार उनसे मिलने का सौभाग्य मिला था। केंद्र सरकार ने जब अधिक कमाई वाली कंपनियों को अपने लाभ का एक हिस्सा समाज सेवा में लगाने का नियम बनाया था तो उस पर उन्होंने मुझे कुछ सुझाव दिए थे।



# सेना अधिकारियों को 20 वर्ष बाद मिला न्याय, लेफ्टिनेंट कर्नल पद पर पदोन्नति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



बीते वर्ष भारत के सर्वोच्च न्यायालय के एक ऐतिहासिक निर्णय के चलते सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों को लेफ्टिनेंट कर्नल के पद पर पदोन्नति का तोहफा मिला है। सेना के मेजर के पद से सेवानिवृत्त यह अधिकारी भारतीय सेना द्वारा गठित अजय विक्रम सिंह कमेटी की अनुशंसा के अनुसार, ले. कर्नल के पद पर पदोन्नति की अहर्ता रखते थे, लेकिन लेकिन किन्ही कर्म से इस पद पर पदोन्नति से वंचित रह गए थे। मंडी जिले के कोटली क्षेत्र से संबंध रखने वाले सेना मेडल (गैलेंट्री) से सम्मानित ले. कर्नल बसंत सिंह भारद्वाज ने रक्षा मंत्रालय के शासनादेश को साझा करते बताया कि कमेटी का उद्देश्य 13 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर ले. कर्नल के पद पर पदोन्नत करके सेना को चुस्त-दुरुस्त और युवा एनर्जी से परिपूर्ण रखना था। इस प्रकार लगभग 20 वर्षों के बाद सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार की सकारात्मक सोच के कारण 'अजय विक्रम सिंह कमेटी' की अनुशंसा का लाभ ऐसे सभी 204 अधिकारियों को मिला जो इस पद पर पदोन्नति होने की अर्हता रखते थे।

# आईआईटी मंडी की टीम करेगी सराहन मंदिर का अध्ययन: विक्रमादित्य सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भीमा काली मंदिर न्यास सराहन की बैठक वीरवार को सर्किट हाउस रामपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने की।



उन्होंने कहा कि मंदिर की वेबसाइट को अपडेट रखा जाए तथा इसमें न्यास की हर गतिविधि के बारे में जानकारी समय-समय पर सांझा की जाए। उन्होंने कहा कि न्यास के कई प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। न्यास एक अत्याधुनिक एंबुलेंस की सुविधा भी शुरू करेगी। बैठक में एंबुलेंस खरीदने की अनुमति भी प्रदान की गई।

उन्होंने कहा कि बैठक के दौरान ही आईआईटी मंडी के विशेषज्ञ से फोन के माध्यम से बात हुई है जिसमें मंदिर के एक हिस्से के धंसने को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने को लेकर की गई।

इसके साथ ही उन्होंने कहा कि न्यास का संयुक्त बोर्ड प्रमुख स्थानों पर लगेगा, जिसमें अधीन आने वाले मंदिरों के बारे में संक्षिप्त जानकारी होगी। बैठक में फैसला लिया कि श्री हाटकोटी मंदिर में सोलर सिस्टम प्लांट लगाया जाएगा ताकि सर्दियों में गर्म पानी की उपलब्धता श्रद्धालुओं के लिए हो सके। न्यास के अधीन नर सिंह परिसर रामपुर, रघुनाथ बड़ा अखाड़ा मंदिर परिसर, विश्राम गृह सराहन, अयोध्यानाथ मंदिर परिसर रामपुर, भीमाकाली सराहन मंदिर और हाटकोटी मंदिर शामिल हैं। इस मौके पर स्थानीय विधायक व 7वें राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष नंद लाल, उपमंडल दंडाधिकारी रामपुर निशांत तोमर, जिला भाषा अधिकारी अनिल हारटा आदि मौजूद रहे।

**जांच** मंडी, कुल्लू, कांगड़ा और चंबा जिलों में ज्यादा हुआ था फर्जीवाड़ा

# मुफ्त राशन घोटाले की परतें जल्द आएंगी सामने

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

केंद्र सरकार की जिस योजना के तहत गरीबों और गरीबी रेखा से ऊपर वाले (एपीएल) परिवारों को मुफ्त राशन मुहैया करवाने का जो गड़बड़ झाला हिमाचल में हुआ है। उसकी परतें अब जांच आगे बढ़ने के बाद सामने आने लगी हैं। जिला स्तर पर इसका सारा डाटा इकट्ठा हो रहा है। कई करोड़ रुपए का यह मामला सिविल सप्लाई कॉरपोरेशन और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के गले की फांस तो बना ही हुआ है। इसलिए अब जिन लोगों की वजह से यह सब कुछ हुआ है, उन्हें निलंबित करने की प्रक्रिया अभी जारी हो चुकी है। हालांकि मुकम्मल तौर पर इसकी डिटेल तो नहीं मिल पाई है, लेकिन उम्मीद यही है कि अगले एक सप्ताह में यह घोटाला कितने करोड़ का है? इसका पूरा लेखा-जोखा सामने आ जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### नोटिस हुए हैं जारी

**अब** क्योंकि संबंधित सभी जिलों के जहां पर यह गड़बड़ झाला हुआ है उनके खाद्य आपूर्ति नियंत्रकों ने संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए हैं। जिन्होंने अस्वीकार किया, उनसे भी जवाब मांगा गया है और जिन्होंने भी सप्लाई भेजी, उन्हें भी। अब इनके जवाब आना शुरू हो चुके हैं। संबंधित जिलों से रिपोर्ट तैयार होकर शिमला डायरेक्टर ऑफिस पहुंच रही हैं। कई जिलों की रिपोटस पहुंच गई हैं और कईयों से अभी इंतजार हो रहा है। अब पता यही चलेगा कि कितने करोड़ का यह गड़बड़ झाला हुआ है। अब इसकी रिकवरी कैसे होगी? इस पर विभाग कसरत कर रहा है।

### क्या है घोटाला

**गरीबी** रेखा से नीचे और एपीएल के परिवारों के लिए केंद्र सरकार एनएफएसए योजना के तहत राज्य सरकारों को मुफ्त चावल और गेहूं का आटा मुहैया करवाती है। इसमें जो गड़बड़ झाला हुआ है, वह बेहद रोचक है। क्योंकि सिविल सप्लाई को राज्य के तमाम उचित मूल्य की दुकानों से जो डिमांड राशन कार्ड के हिसाब से जाती है। उसका खाद्य पूर्ति विभाग परमिट काटता है। उसके बाद सिविल सप्लाई कारपोरेशन के गोदाम से यह डिमांड पुरी की जाती है। ई-पाश मशीनों पर बिल संबंधित डीपो होल्डरों को दे दिए जाते हैं। इन्हें स्वीकार और अस्वीकार किया जाना होता है। अब डिमांड के मुताबिक जो सप्लाई आई, वह तो स्वीकार हो गई। जो डिमांड से ज्यादा बिल काटकर ई-पाश मशीनों पर दिखाई गई। अस्वीकार होती रही, बस यही लफड़ा है। जिसमें लगातार पिछले लंबे समय से यह राशन सिविल सप्लाई कारपोरेशन के गोदामों से तो संबंधित उचित मूल्य की दुकानों पर मुकम्मल तौर पर पहुंचा नहीं, फिर गया कहां? यही फर्जीवाड़ा है। जिसकी जांच जारी है।

### होगी सख्त कार्रवाई, रिपोर्ट्स आ रही हैं: डायरेक्टर

**फूड** एंड सप्लाई विभाग के डायरेक्टर रामकुमार गौतम का कहना है कि अगले कुछ दिनों में यह पता मुकम्मल तौर पर चल जाएगा कि कुल कितने करोड़ की गड़बड़ी इसमें हुई है। इसकी रिकवरी होगी। संबंधित कर्मचारियों को नोटिस दिए जा रहे हैं। अगले कुछ दिनों में इसका उत्तर मुकम्मल तौर पर तैयार हो जाएगा। फिलहाल जितना जुर्माना इन्हें लगाया जा रहा है उसे जमा करवाने के आदेश भी हो गए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### चलवाड़ा का युवक 260 ग्राम चरस के साथ काबू



**अनंत ज्ञान, जवाली।** पुलिस थाना जवाली के तहत कुठेड़ के नजदीक पिछले कल देर रात पुलिस ने एक 29 वर्षीय युवक से 260 ग्राम चरस वरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कुठेड़ ज्वाली सड़क मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान कार नंबर एचपी 24 डी 9449 की तलाशी ली गई तो कार मे 260 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपी की पहचान गौरव पुत्र विजय कुमार निवासी चलवाड़ा के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करके पुलिस थाना ज्वाली में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी पर पहले भी नशा तस्कर के मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि नशा माफिया को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### पाइप बैंड स्पर्धा में डाडासीबा स्कूल रहा अव्वल



अनंत ज्ञान, डाडासीबा। राज्य स्तर पर हुई बैंड प्रतियोगिता में पीएम श्री बाबा कांशीराम राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डाडासीबा के छात्रों ने पाइप बैंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 30 छात्रों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुनिहार, जिला सोलन में आयोजित हुई, जिसमें 24 स्कूलों ने भाग लिया था। एक प्रतियोगिता ब्रास बैंड तथा दूसरी पाइप बैंड की हुई, जिसमें छात्र वर्ग में पीएम श्री डाडासीबा ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का नाम रोशन किया। ये बच्चे अब राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेंगे विद्यालय में पहुंचने पर इन बच्चों का ट्रॉफी सहित विद्यालय में सभी स्टाफ सदस्यों व बच्चों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने सभी स्टाफ सदस्य व बच्चों और इलाकावासियों को हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई दी।

### पलौहड़ा के मुकुल का राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन



**अनंत ज्ञान, जवाली।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पलौहड़ा के प्रतिभागी मुकुल सपेहिया ने अंडर-19 राज्य स्तरीय ताइक्वांडो स्पर्धा में बढ़िया प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल हासिल किया है तथा उनका चयन नेशनल स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। इस उपलब्धि से स्कूल में खुशी की लहर है। वीरवार को स्कूल पहुंचने पर प्रिंसिपल सुखदेव जंवाल सहित स्टाफ द्वारा प्रतिभागी का जोरदार वेलकम किया गया। प्रिंसिपल सुखदेव जंवाल ने प्रतिभागी मुकुल सपेहिया को हार पहनाकर व 2100 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया। सपेहिया ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने स्कूल स्टाफ, कड़ी मेहनत व परिजनों को दिया है। उन्होंने बताया कि नेशनल स्तर पर गोल्ड हासिल करना लक्ष्य है।

### पेंशनर्स संघ जवाली कल लब में करेगा बैठक

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पेंशनर्स संघ जवाली व खंड की बैठक 12 अक्तूबर को ज्वाला माता मंदिर लब के परिसर में होगी। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान सुखदेव शर्मा करेंगे । संघ के प्रवक्ता रघुवीर सिंह लालिया ने जानकारी देते हुए बताया की समस्याओं के बारे बैठक में विचार-विमर्श किया जाएगा।

# सीएमओ गुलेरी ने बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर

## विभाग की मासिक समीक्षा बैठक में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के काम को भी सराहा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**




जिला कांगड़ा स्वास्थ्य विभाग की मासिक समीक्षा बैठक मीटिंग हॉल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में डॉ. राजेश गुलेरी ने जिला कांगड़ा के स्वास्थ्य संस्थानों को बेहतर स्वच्छता व्यवस्था व दी जा रही सेवा मानकों के लिए सराहना की। साथ ही कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत जिला कांगड़ा के सराहनीय प्रदर्शन पर सभी विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी।

डॉ. गुलेरी ने बताया कि एनक्यूएस (नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस प्रोग्राम ) के तहत बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों में हेल्थ ब्लॉक गोपालपुर के हेल्थ वेलनेस सेंटर चचियां, हेल्थ ब्लॉक नगरोटा बगवां के बलधर व मसल, नगरोटा सूरियां के धार कलरू एवं शाहपुर के प्रेई शामिल हैं। डॉ. गुलेरी ने बेहतर कार्य के लिए कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर्स को सम्मानित किया एवं उनके स्वास्थ्य संस्थानों में उत्कृष्ट क्वालिटी के लिए उनकी सराहना की। उन्होंने महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता के काम को भी सराहा। अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस के बारे जानकारी देते हुए डॉ. गुलेरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (आईडीओपी) प्रत्येक वर्ष 1 अक्तूबर को मनाया जाने वाला एक वैश्विक स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम है, जो वृद्धावस्था से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के संबंध में जन जागरूकता पर जोर देता है तथा चुनौतियों का सामना कर रहे वृद्धजनों की सहायता के लिए सामुदायिक संगठनों, परिवारों और हितधारकों को संगठित करता है। डॉ गुलेरी ने वर्ष 2024 में अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का थीम है 'सम्मान के साथ वृद्धावस्था' दुनिया भर में वृद्धजनों के लिए देखभाल और सहायता प्रणालियों को मजबूत करने का महत्व के बारे विस्तृत जानकारी दी । डॉ. गुलेरी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाने का उद्देश्य मानव अधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा के बारे में वैश्विक जागरूकता बढ़ाना तथा वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए वृद्ध व्यक्तियों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्धताओं को संगठित करना है। बैठक में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश सूद, जोनल अस्पताल धर्मशाला के एस एमओ डॉ सुनील भट्ट, एमएस पालमपुर, सभी खंड चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ तरुण सूद , डॉ दीपिका व स्टाफ भी उपस्थित रहे बैठक में डॉ राजेश गुलेरी ने बताया कि आगामी 21 से 23 अक्टूबर को डॉ. आरपीजीएमसी टांडा में तीन दिवसीय फैमिली प्लानिंग शिविरों का आयोजन होगा, जिनमें हेल्थ ब्लॉक तियारा, नगरोटा बगवां, शाहपुर के लाभार्थियों के लिए सुविधा मिलेगी।

डॉ. गुलेरी द्वारा इस समीक्षा बैठक में सरकार द्वारा चलाए जाने वाले मातृ शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, एनसीडी, क्षय निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम, राष्ट्रीय टीकाकरण मिशन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई एवं विभाग द्वारा इन कार्यक्रमों को सुदृढ़ करने के लिए दिशा-निर्देश दिए।

### पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के लिए 138 पायलटों ने किया आवेदन

**बैजनाथ।** विश्व प्रसिद्ध बीड़ बिलिंग घाटी में 2 से 9 नवंबर तक होने वाले पैराग्लाइडिंग के दूसरे वर्ल्ड कप में भाग्य आजमाने के लिए अब तक 28 देशों के 138 विदेशी पायलटों ने आवेदन किया है। इनमें भारत के 23 पायलट हैं। अब तक करीब 10 महिला पायलटों ने भी प्रतियोगिता में रुचि दिखाई है। घाटी में पिछले तीन-चार दिनों से बड़ी संख्या में देश-विदेश के पायलट नजर आने लगे हैं। रोजाना 200 से अधिक टेंडम उड़ानों को अंजाम दिया जा रहा है, जबकि 50 के करीब पायलट फ्री फ्लायर के रूप में उड़ान भर रहे हैं। वर्ष 2015 में ही एक मात्र पहला वर्ल्ड कप बीड़ में हुआ है और अब दूसरी बार बीड़ को वर्ल्ड कप की मेजबानी मिली है।

### डरोह के विद्युत उपभोक्ता 31 अक्तूबर तक करवाएं केवाईसी

**डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा है कि विद्युत उपमंडल डरोह के अंतर्गत आने वाले सभी उपभोक्ताओं के लिए विद्युत विभाग ने विद्युत मीटर संख्या को उपभोक्ताओं के आधार कार्ड से जोड़ने के लिए केवाईसी करने की प्रक्रिया 1 अक्तूबर से घर घर जाकर शुरू कर दी है, जिसकी अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक है। उन्होंने कहा कि जब विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली का बिल जारी करने के लिए उपभोक्ता के घर जाएंगे, उस समय केवाईसी करने के लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशनकार्ड और मोबाइल नंबर को पहले से ही उपलब्ध रखें, ताकि इस काम को समय पर किया जा सके। आपका मोबाइल नंबर आपके आधार कार्ड से लिंक होना अति आवश्यक है। अगर कोई उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करता है, तो वह भविष्य में विद्युत बिल में मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रह सकता है।

## प्रताप वर्ल्ड स्कूल में मनाया दशहरा उत्सव

### कार्यक्रम में इंदौरा के विधायक मलेंद्र राजन रहे मुख्यातिथि

**अशोक ठाकुर, इंदौरा**



प्रताप वर्ल्ड स्कूल इंदौरा में वीरवार को दशहरे का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। यह उत्सव स्कूल के अध्यक्ष भरत भूषण महाजन की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में इंदौरा क्षेत्र के विधायक मलेंद्र राजन उपस्थित हुए। छात्रों ने रामायण के विभिन्न पात्रों की नाटकीय प्रस्तुति दी, जिसमें राम, सीता, हनुमान और रावण के चरित्र शामिल थे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियां, संगीत और नृत्य भी शामिल थे, जिसने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्यातिथि ने बच्चों को रामायण के पर्व के महत्व और उसकी शिक्षाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की प्रेरणा और आदर्शों का संग्रह है। बच्चों को बताया गया कि रामायण में धैर्य, त्याग, और सत्य के महत्व पर जोर दिया गया है।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भगवान राम के जीवन से हमें कठिनाइयों का सामना करने और सच्चाई पर कायम रहने की प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने रामायण से संबंधित नृत्य और नाटक प्रस्तुत किए, जिससे उन्होंने इस महान ग्रंथ के संदेश को और भी जीवंत किया। स्कूल अध्यक्ष भरत भूषण महाजन ने सभी बच्चों की सराहना की और उन्हें रामायण के शिक्षाओं को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने दशहरे के महत्व पर प्रकाश डाला और सभी को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### जीजीडीएसडी कॉलेज में एड्स को लेकर फैलाई जागरूकता

## एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों के साथ सहानुभूति से करें व्यवहार: डॉ. विवेक

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत पोस्टर और वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की इंचार्ज रेखा और आशा स्वास्थ्य कर्मी आशा ने रेड रिबन क्लब और महाविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों को एड्स के विरुद्ध जागरूकता की शपथ भी दिलाई। महाविद्यालय के निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि कार्यक्रम में भाग लिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने सामाजिक मुद्दों को लेकर समय-समय पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि एचआईवी और एड्स के बारे में हमारी समझ में काफी प्रगति हुई है, लेकिन एचआईवी/एड्स से पीड़ित लोगों के साथ भेदभाव अभी भी व्याप्त है और इसी भेदभाव को दूर करने के लिए जागरूकता आवश्यक है। इस अवसर पर करवाई गई पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता बीएससी नॉन मेडिकल से रितिका और विशाखा को प्रथम, बीकॉम से कशिश को द्वितीय और बीए से सगुण को तृतीय स्थान दिया।




# ग्लिसरीन से लाएं त्वचा में निखार



**हल्की ठंडक के साथ ही मौसम में बदलाव शुरू होने लगा है। बदलते मौसम का सेहत के साथ साथ हमारी त्वचा पर भी गहरा असर पड़ता है। कुछ ही दिनों में सर्दी आने वाली है। सर्दियों में वातावरण में नमी की वजह से त्वचा रूखी, निर्जीव और बेजान होने लगती है। ऐसे में बाजारी उत्पादों के मुकाबले ग्लिसरीन जैसे नेचुरल मॉइस्चराइजर कहीं ज्यादा प्रभावी साबित होते हैं। ग्लिसरीन शरीर में स्वाभाविक रूप से भी पाया जाता है। कृत्रिम रूप में ग्लिसरीन वेजिटेबल और एनिमल फैट से बनाया जाता है, जो कि देखने में क्लियर होता है। ग्लिसरीन से किसी प्रकार की कोई खुशबू भी नहीं आती है। ग्लिसरीन का उपयोग अधिकांश त्वचा/ बालों के सौंदर्य उत्पादों में किया जाता है और यह पानी और सुगंध के बाद सबसे अधिक इस्तेमाल किया जाने वाला घटक है।**

## ड्राई, नॉर्मल और ऑयली सभी तरह की स्किन के लिए फायदेमंद

### दूर होगा चेहरे का रूखापन

**चेहरे** के रूखेपन और खुरदरेपन को हटाने में भी ग्लिसरीन असरदार है।



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ हैं और हर्बल क्वीन के रूप में लोकप्रिय हैं।*

ग्लिसरीन का उपयोग ड्राई, नॉर्मल और ऑयली सभी तरह की स्किन पर किया जा सकता है। ग्लिसरीन त्वचा के लिए औषधि के रूप में काम करता है। यह त्वचा में नमी लाता है और उसे मुलायम, आकर्षक और ग्लोइंग बनाता है। रोजाना चेहरे पर ग्लिसरीन लगाने से आपको महीने भर में फर्क दिखने लगेगा।

### ऐसे करें इस्तेमाल

**ग्लिसरीन** को हमेशा मिश्रित घटक के हिस्से के रूप में ही प्रयोग करने की सलाह दी जाती है क्योंकि त्वचा पर 100 प्रतिशत शुद्ध ग्लिसरीन लगाने से यह जलन पैदा कर सकता है और अगर यह आपकी आंखों में चला जाए तो यह विशेष रूप से हानिकारक है।

आप अपनी स्किन केयर रूटीन में ग्लिसरीन को विभिन्न तरीकों से शामिल कर इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर आप त्वचा की खुजली, खुश्की और बैक्टीरिया से जूझ रहे हैं तो नींबू और ग्लिसरीन का मिश्रण काफी प्रभावी साबित हो सकता है। ग्लिसरीन में नींबू का रस मिलाकर फेस पर अप्लाई करें और कुछ समय बाद ताजे पानी से चेहरा धो लें। इसके नियमित इस्तेमाल से आपके चेहरे पर आकर्षण झलकेगा और चेहरा बेदाग और निखरा निखरा दिखेगा। ग्लिसरीन का फेस सीरम बनाने के लिए पांच बूंद ग्लिसरीन में एक नींबू का रस निचोड़ लें। अब इसमें 20 मिलीलीटर गुलाब जल मिलाएं। इस मिश्रण को एक कांच की बोतल में डालकर रेफ्रीजिरेटर में स्टोर कर लें और इस सीरम को आप अपनी सुविधा कॉटन या अंगुलियों का उपयोग करके रोजाना प्रयोग कर सकते हैं।

### मॉइस्चराइजर के रूप में करें प्रयोग

**आप** ग्लिसरीन को त्वचा पर एक मॉइस्चराइजर की तरह इस्तेमाल कर सकते हैं। आप एक चम्मच ग्लिसरीन में विटामिन ई की दो कैप्सूल डालें। इससे रात को सोने से पहले अपने चेहरे की हल्के हाथों से मसाज करें और फिर रात भर लगा रहने दें। अगर आपकी स्किन बहुत ज्यादा ड्राई है, तो हर दूसरे दिन इसे चेहरे पर लगाएं। सर्दियों के मौसम में फटी एड़ियां आम समस्या है, जिसका ग्लिसरीन के माध्यम से उपचार किया जा सकता है। आधा बाल्टी गुनगुने पानी में 2 से 3 चम्मच ग्लिसरीन डालें। साथ में एक चम्मच सेंधा नमक, आधा कप दूध डालकर मिक्स करें।अब इस मिक्स में 20 से 25 मिनट के लिए अपने पैर डुबोकर बैठें और फिर स्क्रबर से रगड़कर साफ कर लें। इस विधि से सप्ताह में दो बार अपने पैर साफ करें। इससे फटी एड़ियों की समस्या दूर होगी और आपके पैर भी खूबसूरत दिखेंगे। इससे पैरों की थकान भी दूर होगी।

### ग्लिसरीन से बाल होंगे घने और मुलायम

**ग्लिसरीन** के उपयोग से आप अपने बालों को घना और मुलायम बना सकते हैं। इसके लिए 1 पका हुआ केला, 2 चम्मच ग्लिसरीन, 2 चम्मच दही या दूध को मिलाकर हेयर मास्क तैयार करें। आप इस मिश्रण में शहद या एलो वेरा जेल भी मिला सकते हैं। इस मास्क को आधा घंटा तक बालों पर लगा कर बालों को ताजे पानी से शैम्पू कर लें।

# प्याज के रस से एक हफ्ते में काले हो जाएंगे सफेद बाल

**उम्र बढ़ने के साथ बालों का सफेद होना एक आम बात है, लेकिन आजकल काफी लोग कम उम्र में ही बालों के सफेद होने की समस्या से परेशान रहते हैं। अगर समय से पहले ही बाल सफेद हो जाएं, तो व्यक्ति उम्रदराज लगने लगता है। ऐसे में, अपने सफेद होते बालों को काला करने के लिए ज्यादातर लोग हेयर डाई, मेहंदी और कलर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन इनमें हानिकारक केमिकल्स मौजूद होते हैं, जो बालों को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में, अपने बालों को काला करने के लिए आप कुछ घरेलू नुस्खों को आजमा सकते हैं। इन्हीं घरेलू नुस्खों में प्याज का रस भी शामिल है। जी हां, प्याज का रस बालों की ग्रोथ के साथ-साथ उन्हें काला करने में भी प्रभावी होता है। अगर आप इसमें कुछ खास चीजों को मिक्स करके अपने बालों में लगाते हैं, तो इससे बालों को जड़ से काला करने में काफी मदद मिल सकती है। तो आइए, जानते हैं सफेद बालों को काला करने के लिए प्याज के रस का इस्तेमाल कैसे करें :**



### प्याज के रस में मिलाएं नारियल तेल, करी पत्ता

**अपने** सफेद होते बालों को काला बनाने के लिए आप प्याज के रस में मिलाएं नारियल तेल और करी पत्ता मिलाकर लगा सकते हैं। दरअसल, प्याज के रस में एंटीऑक्सीडेंट्स मौजूद होते हैं, जो बालों को सफेद होने से रोकते हैं। इसमें सल्फर होता है, जो बालों को झड़ने से रोकता है और हेयर ग्रोथ को बढ़ावा देता है। वहीं, नारियल तेल भी बालों को लंबा और घना बनाने के साथ-साथ काला करने में भी प्रभावी होता है। करी पत्ता में एंटीऑक्सीडेंट्स और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो डैंड्रफ को हटाने के साथ ही सफेद बालों की समस्या को दूर कर सकते हैं।

### ऐसे बनाएं मिश्रण

**4 चम्मच** बड़े चम्मच प्याज का रस, 4-5 बड़े चम्मच नारियल का तेल, 1 चम्मच करी पत्ते का रस लेने के बाद सबसे पहले एक कटोरी में प्याज का रस और नारियल तेल बराबर मात्रा में मिलाएं। अब इसमें करी पत्ते का रस डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प में अच्छे से लगाएं और करीब 10 मिनट तक हल्के हाथों से मसाज करें। 1-2 घंटे बाद किसी माइल्ड शैंपू की मदद से बालों को धो लें। सप्ताह में कम से कम 2 बार इस मिश्रण को बालों में लगाने से धीरे-धीरे बाल काले होने लगेंगे। साथ ही, बालों की ग्रोथ अच्छी होगी।



# फिटकरी एक, फायदे अनेक

## चेहरे की रंगत को देगी निखार, ऐसे करें इस्तेमाल

**फिटकरी के बारे में तो आपने सुना ही होगा, एक ओर जहां पुरुष इसका इस्तेमाल दाढ़ी बनाते समय करते हैं तो वहीं कई घरेलु नुस्खों में भी इस्तेमाल उपयोग किया जाता है। यह एक फिटकरी स्किन से जुड़ी कई समस्याओं को ठीक करने में फायदेमंद होती है। लेकिन इसे इस्तेमाल कैसे करें? आपके इसी सवाल का जवाब आज हम आपको इस लेख में बताने वाले हैं। हम आपको आज फिटकरी से एक ऐसा फेस पैक बनाने तरीका बताने वाले हैं, जो आपके चेहरे से दाग-धब्बों को हटाने के साथ साफ और निखरी त्वचा देने में मदद करेगी। तो फिर आइए जानते हैं इन नुस्खे को तैयार करने का तरीका।**



### चेहरे के लिए फिटकरी के फायदे

**फिटकरी** सदियों से त्वचा की देखभाल में इस्तेमाल किया जाने वाला एक नेचुरल प्रोडक्ट है, जिसमें एंटीसेप्टिक और एस्ट्रिंजेंट गुण होते हैं जो त्वचा को साफ करके उसे स्वस्थ और चमकदार बनाने में मदद करते हैं। यह हमारे चेहरे से कील-मुंहासों को कम करने, स्किन को टाइट कर फाइन लाइंस को हल्का करने और रंगत निखारने में मदद करता है। आप इस फायदेमंद फिटकरी का कैसे इस्तेमाल कर सकते हैं, आइए जानते हैं।

### ऐसे बनाएं फेस पैक

सबसे पहले एक कटोरी लें और उसमें बेसन, आधा चम्मच फिटकरी और गुलाब जल डालकर अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद कटोरी में जरूरत अनुसार कच्चा दूध मिक्स करें और स्मूथ पेस्ट तैयार कर लें। अब इस तैयार पैक को अपने चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट तक सूखने के लिए छोड़ दें। समय पूरा होने के बाद फेस वॉश कर लें और फिर देखें कैसे आपके चेहरे पर निखार आ गया है और स्किन सॉफ्ट हो गई है। आप हफ्ते में 1-2 बार इस नुस्खे का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# डिपो में तोलने पर कम निकल रहा आटा-चावल

## बोरी का तोल भी बीच में, फिर भी 500 ग्राम तक कम निकल रहा अनाज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

उचित मूल्य की दुकानों पर सरकार द्वारा उपलब्ध करवाया जाने वाला राशन बजन में यदि कम निकले तो फिर दिक्कत संचालकों को तो आएगी ही। विभाग की कारगुजारी भी कटघरे में खड़ी हो जाती है। इन दिनों ऐसा ही हो रहा है हमीरपुर जिले के साथ लगता पड़ोसी जिला बिलासपुर के सेऊ में स्थित एक उचित मूल्य की दुकान पर, जब ऐसा विवाद सामने आया तो विभाग के अधिकारी कर्मचारी भी मौके पर पहुंचे तोल तुलाई शुरू हुई। इस दौरान सच्चाई जो सामने आई, विभाग पहले मानने को तैयार नहीं था कि बोरी में 50 किलो का वजन नहीं है फिर 'कंडा' यानी मापतोल की मशीन दूसरी जगह से मंगवाई गई, तब विभाग के अधिकारी और कर्मचारी चुप हुए नहीं तो संबंधित उचित मूल्य के संचालक की बात मानने को तैयार नहीं थे।

घटना वीरवार की है, जब वहां से संचालक ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को वस्तु स्थिति बताई। उन्होंने कहा कि 40-40 किलोग्राम के बैग में गेहूं और चावल कम निकल रहे हैं। बजन में 300 से 500 ग्राम की कमी है। मौके पर पहुंचे अधिकारी माप तोल मशीन को ही गलत ठहरने लगे, लेकिन जब दूसरी जगह से मशीन लाई गई तो पता चला कि सब गड़बड़झाला है। पीछे से जो सप्लाई आ रही है, उसी में यह कमी पाई जा रही है।

दरअसल यह किस्सा बिलासपुर जिले का ही नहीं है, प्रदेश के कई जिलों में इस तरह की सप्लाई का विवाद उचित मूल्य की दुकान चलाने वालों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। बोरी के साथ लगभग आधा किलो सप्लाई इस बैग में ज्यादा होनी चाहिए, लेकिन बोरी के साथ तोलने पर भी यह 300 से 500 ग्राम कम निकल रही है। (अनंत ज्ञान)


तोलने पर कम निकला अनाज की बोरी का बजन।

### ज्यादातर डिपो में यही गड़बड़झाला

डिपो संचालक जब विभागीय कारगुजारी से परेशान हुआ, तो वहां पर डिपो संचालक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कवि भी मौके पर पहुंचे। इस मामले को लेकर जब संगठन ने प्रदेश भर के कई डिपो संचालकों से बात की, तो पता चला कि सभी जगह यही स्थिति आ रही है। कुछ जिलों की सप्लाई ठीक है, ज्यादातर में यही गड़बड़झाला चल रहा है। अशोक कवि का कहना था कि यह स्थिति बेहद खराब है और सरकार को इस मामले को लेकर ठोस कार्रवाई अमल में लानी चाहिए, ताकि बेवजह डिपो संचालक कम राशन मिलने की वजह से आर्थिक नुकसान न उठाएं, क्योंकि यह मामूली अंतर नहीं है।

### रेंडम चेकिंग करवाई जाएगी

इधर, फूड एंड सप्लाई विभाग के डायरेक्टर रामकुमार गौतम का कहना था कि ऐसा नहीं होना चाहिए और यदि ऐसा पाया गया, तो संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वैसे जहां से सप्लाई आ रही है, डिपो संचालकों को यह माप-तोल मशीन पर तुलवाकर ही लेनी चाहिए, लेकिन इस मामले में विभाग के अधिकारियों को रेंडम चेकिंग के आदेश दिए जाएंगे ताकि किसी को भी परेशानी न हो।

# कंज्याण में विधायक ने किया जल शक्ति उपमंडल कार्यालय का शुभारंभ

**एसके शर्मा, जाहू**

भोरंज उपमंडल के कंज्याण में जल शक्ति उपमंडल का शुभारंभ विधायक सुरेश कुमार के द्वारा विधिवत पूजन के साथ किया गया। इस अवसर पर जल शक्ति मंडल भोरंज के अधिशाषी अभियंता प्रदीप चड्ढा और स्थानीय पंचायत प्रधान संदीप चौहान के द्वारा शाल व टॉपी पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर कन्या पूजन कर व रिबन काट कर कार्यालय का उद्घाटन किया गया।


जल शक्ति उपमंडल कार्यालय का शुभारंभ करते विधायक।

इस अवसर पर विधायक सुरेश ने कहा कि जाहू में 16 करोड़ रुपए की लागत से औद्योगिक क्षेत्र का कार्य अतिशीघ्र शुरू होगा। इसके अतिरिक्त हमीरपुर जिले में दो कृत्रिम झीलों का निर्माण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त भोरंज में 93 करोड़ रुपए की लागत से पेयजल योजना का कार्य शुरू हो गया है, जिसमें गोबिंदसागर से पानी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंज्याण में और भी कार्यालय खोले जाएंगे, साथ ही कंज्याण हेलिपैड का विकास भी करवाया जाएगा। विधायक सुरेश कुमार ने कहा कि 19 माह के कार्यकाल में भोरंज विधानसभा क्षेत्र में जन सुविधाओं को प्राथमिकता देने का कार्य किया है, ताकि अधिक से अधिक लोग लाभान्वित हों।

शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और सड़क सुविधा के लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इस अवसर पर कंज्याण पंचायत की प्रधान संदीप चौहान, सोशल मीडिया प्रभारी रिंकू जरियाल, भोरंज एसडीएम शशी पाल शर्मा, तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा, लदरौर सहायक अभियंता राजेंद्र पठानिया, भोरंज सहायक अभियंता आशीष देव, मनीष कटोच, साहिल ठाकुर, कमलेश कुमार, अरुण कुमार, संजु कुमार, रमेश, अमित कुमार, चंदन जैलदार, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष रजीव लाल मेहर व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बाल मेले में छात्रों ने दिखाई अद्भुत प्रतिभा



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी ने एक बार फिर छात्रों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से बाल मेले का आयोजन किया, जिसमें छठी से आठवीं कक्षा के बच्चों ने बड़े उत्साह के साथ हिस्सा लिया। मेले में छात्रों द्वारा प्रस्तुत किए गए विज्ञान मॉडल्स और समाज एवं पर्यावरण आधारित मॉडल्स ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। छात्रों ने अपनी कल्पनाशक्ति और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन करते हुए अनोखे और नवीन मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। आदित्य का विज्ञान मॉडल सबसे अधिक सराहना पाने वाला रहा, जबकि समाज में भावना, कनिका, हिंदी में रितिका, गणित में रुत्विक, अनिरुध ने शिक्षण अधिगम सामग्री में प्रथम स्थान हासिल किया। मेले में फन गेम्स और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। मेले में बच्चों द्वारा संचालित फूड कार्नर ने सभी का ध्यान खींचा। स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों में रचनात्मकता, समन्वय और सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। इस अवसर पर लीना, तनु, रवि, सुरेश, सुमन लता, प्रोमिला, अदिति, नेहा सहित सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### आईटीआई भोरंज में आपदा से बचाव के तरीके बताए



**अनंत ज्ञान, भोरंज।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के जागरूकता कार्यक्रम समर्थ-2024 के तहत वीरवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान भोरंज में मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस दौरान भूकंप जैसी आपदा की स्थिति में बचाव एवं राहत कार्यों का अभ्यास किया गया। मॉकड्रिल में पुलिस, होमगार्ड, अग्निशमन विभाग, अन्य विभागों और आईटीआई के अधिकारियों-कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर होमगार्ड और अग्निशमन विभाग के बचाव दल ने आईटीआई के शिक्षकों और विद्यार्थियों को विभिन्न उपकरणों और आपदा के दौरान बचाव के उपायों की जानकारी भी दी।

### भदरोल पंचायत के उपप्रधान को दिलाई शपथ



**अनंत ज्ञान, नादौन।** ग्राम पंचायत भदरोल में हाल ही में हुए उपचुनाव में उपप्रधान चुने गए अजय सिंह ने उपप्रधान पद की शपथ ली। एसडीएम अपराजिता चंदेल ने नवनिर्वाचित उपप्रधान अजय सिंह को अपने कार्यालय में शपथ दिलाई तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।

### 30 तक बंद रहेगी सुजानपुर-टीहरा-चमियाणा सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सुजानपुर-टीहरा-चमियाणा सड़क पर सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते यातायात 30 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए सुजानपुर-टीहरा-चमियाणा सड़क पर वाहनों की आवाजाही 30 अक्तूबर तक बंद की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस अवधि के दौरान क्षेत्र के वाहन चालक सुजानपुर-डेरा-चरोट सड़क से आवाजाही कर सकते हैं।

### 25 तक बंद रहेगी पिपलू-डागली टप्पा-पाहलू सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपमंडल बड़सर में पिपलू-डागली टप्पा-पाहलू सड़क के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य के चलते इस सड़क पर यातायात 25 अक्तूबर तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे अतिशीघ्र पूरा करने के लिए पिपलू-डागली टप्पा-पाहलू सड़क पर वाहनों की आवाजाही 25 अक्तूबर तक बंद की जा रही है।

### दो कारों की टक्कर में एक मामूली घायल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जोलसप्पड़ स्थित बस स्टॉप पर वीरवार शाम को दो कारों में आमने-सामने टक्कर हो गई। इस कारण एक कार सवार को मामूली चोटें आई हैं, जबकि कारों को काफी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार वीरवार शाम को कार नंबर एचपी19एफ-3488 हमीरपुर से नादौन की तरफ जा रही थी और कार नंबर एचपी68बी8222 धर्मशाला से शिमला जा रही थी कि जोलसप्पड़ बस स्टॉप में दोनों कारों में आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों गाड़ियां मुड़ कर एक दुकान की तरफ हो गईं।

### विधायक से मिला आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सर्कल जाहू व धमरोल की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधिमंडल सुपरवाइजर अभिषेक ठाकुर के नेतृत्व में भोरंज विधायक सुरेश कुमार से उनके निवास स्थान जाहू में मिला और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपनी मांगों से अवगत करवाया। इस दौरान आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने सम्मान समारोह के लिए विधायक सुरेश कुमार से समय मांगा। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में फर्नीचर देने की मांग की। सुपरवाइजर अभिषेक ठाकुर ने बताया कि 16 अक्तूबर को भलवानी पंचायत के ठारा में विधायक का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इस अवसर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रकाशो देवी, अंजू, जीवना, तृप्ता देवी, सावित्री देवी, अंजना देवी, सरला देवी, सुषमा देवी, सरला, मीना देवी, सविता देवी, आशा देवी, रीती देवी, वीना देवी व अन्य उपस्थित रही।

### आंगनबाड़ी वर्कर एवं सहायकों के साक्षात्कार संपन्न

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बाल विकास कार्यालय में आंगनबाड़ी वर्कर एवं हेल्पर के साक्षात्कार हुए, जिसमें ग्राम पंचायत गारली के आंगनबाड़ी केंद्र कर्मकार में मीनाक्षी धीमान माहरल में शबनम बलयाह के बरनी आंगनबाड़ी केंद्र में लता कुमारी, दलचेहड़ा में ज्योति देवी, सुकरोह पंचायत में अंजली शर्मा, कोडरा ग्राम पंचायत में शोभना देवी, लोहारडा ग्राम में डिंपल, उसनर कला में निशा कुमारी, जमली में अंजली देवी, महारल के समैला में निशा देवी, दंदवी के सरयाणा में कुंता देवी, जजरी में मनीषा कुमारी, कसाई में संदीप रानी, धन्वी के पपलोल में रजनी देवी, कस्बाड में सपना कुमारी, कयारा बाग के बगेड़ में रजनी देवी, गारली के कोटलु में अंजना देवी, गार्लिक के मतकर में ज्योति शर्मा, नेरी में सिंपल शर्मा, ननवा के टंगल में नीलम कुमारी, जोड़े अंब के नेरी आंगनबाड़ी केंद्र में शुभ लता, दंगोट के मथोल में नेहा गंगोट, धन्गोता के सूदर में अंजू वाला, बलयाह के हरना में रेनू, सोहनी में शालू देवी की नियुक्ति हुई है।



**हमीरपुर।** शिव पुरी धाम समताना बिझड़ी द्वारा हमीरपुर बाजार में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान भगवान शिव, श्रीराम परिवार सहित अन्य झांकियां निकाली गईं।

## हमीरपुर में आज नहीं होंगे ड्राइविंग टेस्ट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एसडीएम कार्यालय हमीरपुर के अंतर्गत 11 अक्तूबर को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट स्थगित कर दिए गए हैं। एसडीएम संजीत ठाकुर ने बताया कि महाअष्टमी की लोकल छुट्टी के कारण ये टेस्ट स्थगित किए गए हैं, जल्द ही नई तिथि निर्धारित कर दी जाएगी।

## 532 मतदान केंद्रों की सूची अंतिम रूप से प्रकाशित

**हमीरपुर।** जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों 36-भोरंज, 37-सुजानपुर, 38-हमीरपुर, 39-बड़सर और 40-नादौन के कुल 532 मतदान केंद्रों की सूची अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि ये सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के अलावा सभी विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम) के कार्यालयों में भी निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

# बड़ा में ट्रैफिक जाम हुआ आम, लोग परेशान

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा में वर्तमान समय में प्रतिदिन जाम लगना आम बात हो गई हैं। यहां पर ट्रैफिक जाम कई बार इतना लंबा लग जाता है कि उसे बहाल होने में आधे घंटे से भी ऊपर समय लग जाता है, जिससे न केवल वाहन चालकों को बड़ी परेशानी होती है, बल्कि पैदल चलने वाले राहगीरों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

कस्बा बड़ा में जाम लगने का मुख्य कारण कस्बा बड़ा के चौक पर सड़क का तंग होना एवं उस सड़क से धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए बड़ी गाड़ियों द्वारा हैवी मशीनरी लेकर जाना है। यह वैसे भी पालमपुर, बैजनाथ ओर जोगिंद्रनगर के लिए यात्रियों एवं पर्यटकों के लिए यह शॉट कट रास्ता है। गौर है कि कस्बा बड़ा में आये दिन लग रहे ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए यदि यहां बाईपास सड़क बनाई जाती है तो अवश्य इस समस्या का समाधान हो सकेगा।


बड़ा में रोज लग रहे जाम से राहगीर परेशान हो रहे हैं।

लोगों का कहना है कि कस्बा बड़ा से सुजानपुर जाने वाली सड़क पर यदि बाईपास सड़क बन जाती है तो इस लोगों को कस्बा बड़ा के बाजार में जो प्रतिदिन ट्रैफिक जाम लगने की समस्या रहती हैं, उस समस्या का भी समाधान हो जाएगा ओर निर्माणधीन धोलासिद्ध विद्युत परियोजना के लिए जो हैवी मशीनरी लेकर जाने वाली गाड़ियों को जो इस तंग सड़क पर समस्या होती है, उसका भी समाधान हो जाएगा। अत: लोक निर्माण विभाग ओर प्रदेश सरकार को आबश्य इस पर चिंतन करना चाहिए।

सूत्रों के अनुसार काफी समय से कस्बा बड़ा में ट्रैफिक समस्या को लेकर लोनिवि द्वारा बाईपास सड़क का सर्वे भी किया जा रहा था। हालांकि इस बारे में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा रही है। (अनंत ज्ञान)

# बड़सर मिनी सचिवालय भाजपा की देन, कांग्रेस नेता रोज अध्ययन करें : इंद्रदत्त लखनपाल

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कांग्रेस नेताओं पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि बड़सर में बन रहे मिनी सचिवालय का श्रेय भाजपा को जाता है, न कि कांग्रेस को। उन्होंने कांग्रेस के नेताओं को चुनौती दी कि वे विकास के नाम पर झूठी बयानबाजी करना बंद करें और वास्तविकता को समझने के लिए खुद अध्ययन करें। लखनपाल ने स्पष्ट किया कि इस मिनी सचिवालय की आधारशिला हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल द्वारा रखी गई थी और इसका निर्माण कार्य जयराम ठाकुर के नेतृत्व में शुरू हुआ था। यह सचिवालय भाजपा की दूरदर्शी सोच और क्षेत्र के विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता का परिणाम है, जो जनता के लिए एक महत्वपूर्ण सौगात सिद्ध होगा। उन्होंने पूछा है कि बड़सर बस स्टैंड का निर्माण कार्य अब तक क्यों नहीं शुरू किया गया है। आईटीआई बिझड़ी के भवन का कार्य कब शुरू होगा। सतलुज नदी से बड़सर को पानी लाने की योजना का कार्य क्यों ठप पड़ा है। बड़सर में बीडीओ की नियुक्ति पिछले 6 महीनों से क्यों लंबित है। सलौनी-दियोटसिद्ध सड़क के उन्नयन का कार्य क्यों लंबित है, जो कि अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

## बैकलॉग शीघ्र भरने से मिलेगा स्वतंत्रता सेनानियों के परिवारों के बच्चों को लाभ : कालिया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हाल ही में पुलिस भर्ती तथा अध्यापकों के पदों को भरा जा रहा है, जिसमें पुलिस कांस्टेबल के लगभग 68 पद स्वतंत्रता सेनानियों के लिए आरक्षित किए गए हैं। स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रित परिवारों के बच्चे इस अवसर का लाभ उठाकर इन पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, ताकि उनको सरकारी नौकरी मिल सके। यह सब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है, जिन्होंने विभिन्न विभागों में रिक्त पड़े पदों तथा उनके बैकलॉग भरने के आदेश दिए हैं। यह बात हिमाचल प्रदेश स्वतंत्रता सेनानी एवं उत्तराधिकारी कल्याण संघ के अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया ने कही। कालिया ने सरकार से मांग की है कि डेंटल डॉक्टर के बैकलॉग को भी शीघ्र भरा जाए। संघ ने मुख्यमंत्री सुक्खू से मिलकर स्वतंत्रता सेनानियों के बैकलॉग को शीघ्र भरने की गुहार लगाई थी, जिसके चलते मुख्यमंत्री ने यह निर्देश दिए हैं। कालिया ने इसके अतिरिक्त कांग्रेस सरकार द्वारा नूरपुर में महान वीर योद्धा एवं स्वतंत्रता सेनानी राम सिंह पठानिया की प्रतिमा लगाए जाने का भी स्वागत किया है। उन्होंने सरकार से सभी जिलों में इसी तरह स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाएं एवं शहीदी स्मारक बनाए जाने का आग्रह किया है ताकि भावी पीढ़ी उनके जीवन से प्रेरणा ले सके। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि सरकार स्वतंत्रता सेनानी कल्याण बोर्ड का भी शीघ्र गठन करेगी।

## नादौन में आईटीआई डिप्लोमा धारकों के साक्षात्कार 14 अक्तूबर को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** औद्योगिक क्षेत्र कालाअंब की प्रसिद्ध कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड 14 अक्तूबर को उपरोजगार कार्यालय नादौन में ऑपरेटर वर्कर्स के 100 पदों के लिए साक्षात्कार लेगी। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए इलेक्ट्रीशियन, फिटर, आरएसी, वेल्डर, मशीनिस्ट, प्लंबर, टर्नर, पंप ऑपरेटर, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं। अभ्यर्थी की आयु 18 से 25 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 19,500 रुपए सीटीसी मासिक वेतन एवं अप्रेंटिसशिप दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर पर भी संपर्क किया जा सकता है। इच्छुक उम्मीदवार वेब पोर्टल ईईएमआईएस.एचपी. एनआईसी.इन पर अपनी लॉग इन आईडी बनाकर ऑपरेटर वर्कर्स के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन भी कर सकते हैं।

# सिंथेटिक ट्रैक में जिला स्तरीय अंडर-19 एथलीट मीट शुरू

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के सिंथेटिक ट्रैक में जिला स्तरीय अंडर-19 छात्र-छात्राओं की एथलीट मीट का शुभारंभ मुख्यातिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाज सेवी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्रबंधक कमेटी की सचिव व गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स की प्रिंसिपल पूनम चौहान ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

इसके बाद ध्वजारोहण और खिलाड़ियों के मार्चपास्ट के साथ खेलों का विधिवत शुभारंभ किया गया। गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल गर्ल्स की छात्राओं ने इस मौके पर रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस मौके पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहली बार अंडर-19 एथलीट मीट का आयोजन इस राष्ट्र स्तरीय सिंथेटिक ग्राउंड अणू में किया जा रहा है, जिससे हमारे आने वाली खिलाड़ियों की पीढ़ी को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिलने वाली इंफ्रास्ट्रक्चर के बारे में न केवल जानकारी होगी, बल्कि उसके ऊपर प्रतियोगिता करने का अनुभव भी हासिल होगा। डॉ. वर्मा ने कहा कि खेलें न केवल तन को फिट रखती हैं बल्कि मन को भी स्वस्थ रखती हैं। खेलों से सीखा हुआ अनुशासन और खेलों में रूल के तहत खेलकर एक अच्छा नागरिक बना जा सकता है।


कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को सम्मानित करते गणमान्य।

**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने किया शुभारंभ**

उन्होंने खिलाड़ियों से भी आह्वान किया कि वह हुड़दंग वाली प्रवृत्ति से कोसों दूर भागें और खेलों में रुचि लेकर नशे से दूर रहकर एक अनुशासित व सभ्य नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि खेलों को अब एक करियर की तरह लेना चाहिए क्योंकि अब जमाना चला गया जब कहा जाता था कि खेलोगे-कूदोगे तो होगे खराब अब जमाना आ गया है कि खेलोगे कूदोगे तो बनोगे नवाब। डॉ. वर्मा ने कहा कि यही एकमात्र प्रोफेशन है जिसमें बहुत ही कम उम्र में व्यक्ति ख्याति प्राप्त करता है, धन प्राप्त करता है और साथ ही साथ अपने जिला, प्रदेश और देश का नाम उज्जवल करता है।

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को देश की और प्रदेश की सरकारें करोड़ों रुपए मेडल के हिसाब से इनाम दे रही हैं। इस मौके पर उनके साथ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज मिन्हास, पार्षद हर्ष कालिया, ऑल इंडिया कांग्रेस ब्रिगेड के अध्यक्ष अरविंद बन्याल, यूथ कांग्रेस के रोहित व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## एसबीआई का बहल-फतेहपुर में खुला ग्राहक सेवा केंद्र

**अनंत ज्ञान, नादौन।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की नादौन शाखा ने ग्राम बहल-फतेहपुर में अपना नया ग्राहक सेवा केंद्र स्थापित किया है। नादौन के शाखा प्रबंधक अमित बंसल ने इस ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर एसबीआई के अधिकारियों ने ग्राहकों को बैंक की विभिन्न ऋण योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, अन्य सुविधाओं तथा ग्राहक सेवा केंद्र के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में एसबीआई के क्षेत्रीय कार्यालय हमीरपुर के प्रबंधक अरुण कांत शर्मा, उपप्रबंधक अजय कुमार, नादौन शाखा उपप्रबंधक राजेश कुमार और अन्य गणमान्य व्यक्ति काफी संख्या में मौजूद रहे।

## विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर मैराथन आयोजित




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को मान्यता देने और राष्ट्रीय नशा मुक्त भारत अभियान के समर्थन में एनआईटी हमीरपुर में विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर एक 3.6 किमी मैराथन का आयोजन किया। यह आयोजन एनआईटी हमीरपुर छात्रावास प्रशासन द्वारा किया गया, जिसमें सभी छात्रावास वार्डन और प्रशासन का सक्रिय भागीदारी और समर्थन था। डॉ. विनोद कुमार, हिमगिरी छात्रावास के वार्डन और डॉ. कुंजरी मोग, हिमगिरी छात्रावास के सहायक वार्डन को इसकी सफलता श्रेय जाता है। यह मैराथन सुबह 6.30 बजे शुरू हुई। इस कार्यक्रम में 500 से अधिक छात्रों ने भाग लियां। पहले 300 प्रतिभागियों को प्रशंसा के रूप में टी-शर्ट वितरित किए गए। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रोफेसर हीरालाल मुरलीधर सूर्यवंशी, रजिस्ट्रार प्रोफेसर अर्चना नानोती, छात्र कल्याण के डीन प्रोफेसर अशोक कुमार, मुख्य वार्डन और अन्य छात्रावास वार्डन और सहायक वार्डन इस पहल का समर्थन करने के लिए उपस्थित रहे।

## हरियाणा जीत पर ज्यादा उछलकूद क्यों कर रही भाजपा : राजेश बन्याल



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** हिमाचल प्रदेश में उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी ने 9 में से 6 सीट जीतकर साबित कर दिया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मुकाबले में भाजपा औंधे मुंह गिरी है। भारतीय जनता पार्टी में कांग्रेस पार्टी के जो छह विधायक पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे उनमें से चार विधायक विधानसभा का चुनाव हार गए हैं,उ जबकि उपचुनाव में जो निर्दलीय तीन विधायक थे, उनमें से एक ही विधायक भारतीय जनता पार्टी के जीत पाए थे। इंजीनियर राजेश बन्याल ने कहा कि दो राज्यों के विधानसभा चुनाव हुए हैं, इनमें जम्मू कश्मीर में कांग्रेस पार्टी गठबंधन की सरकार बनी है, जबकि हरियाणा में कांग्रेस पार्टी में रिकॉर्ड जीत दर्ज की है। हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को उपचुनाव में हार का सामना करना पड़ा है, लेकिन हिमाचल प्रदेश में हरियाणा की जीत पर भाजपा के कुछ नेता उछलकूद कर रहे हैं, जो सही नहीं है। चुनाव में हार-जीत चली रहती है। मुख्यमंत्री सुक्खू हिमाचल प्रदेश के लिए दिन-रात कड़ी मेहनत कर रहे हैं। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कई विकास के कार्य जारी हैं, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के नेताओं को विकास नजर नहीं आ रहा है।

**फैसला** उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में दी मंजूरी

# 77 और बच्चों को भी मिलेगा फोस्टर केयर का लाभ

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

जिला हमीरपुर में बेसहारा या विपरीत परिस्थितियों में रह रहे 18 वर्ष तक की आयु के 77 अन्य बच्चों को भी फोस्टर केयर योजना के तहत लाभान्वित किया जाएगा। उपायुक्त अमरजीत सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को हुई जिला स्तरीय समिति की बैठक में इन 77 नए मामलों को मंजूरी प्रदान कर दी गई।

इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि हमीरपुर जिले में 1254 बच्चों को पहले ही फोस्टर केयर योजना के तहत लाभान्वित किया जा रहा है। अब 77 अन्य बच्चों को भी इनमें शामिल किया जा रहा है। इससे इन बच्चों को भी 18 वर्ष की आयु तक हर माह 4-4 हजार रुपए मिलेंगे। उन्होंने बताया कि इस योजना में अनाथ बच्चों के अलावा ऐसे बच्चों को भी शामिल किया जा सकता है, जिनके माता-पिता जानलेवा रोगों के शिकार हैं या शारीरिक एवं वित्तीय परिस्थितियों के कारण बच्चों का पालन-पोषण करने में असमर्थ हैं।

विधवा या एकल नारियों के बच्चों को भी फोस्टर केयर योजना में शामिल किया जा सकता है। उपायुक्त ने कहा कि अपने नजदीकी रिश्तेदारों या अन्य परिजनों के साथ रह रहे इन बच्चों का सही पालन-पोषण सुनिश्चित करने तथा किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम-2015 के विभिन्न प्रावधानों के अनुसार ऐसे बच्चों की समुचित देखभाल, पुनर्वास, संरक्षण, उपचार एवं विकास सुनिश्चित करने के लिए फोस्टर केयर योजना आरंभ की गई है। इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए, ताकि विपरीत परिस्थितियों के शिकार सभी बच्चों तक इसका लाभ पहुंच सके।


जिला स्तरीय समिति की बैठक में विचार-विमर्श करते उपायुक्त व अन्य अधिकारी।

बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी तिलकराज आचार्य ने इस योजना तथा 77 नए लाभार्थियों के संबंध में विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर जिला बाल कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष नीरज शर्मा, चाइल्डलाइन संस्था की पदाधिकारी मनोरमा देवी और समिति के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

## बचत भवन की दुकान की नीलामी 22 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बचत भवन हमीरपुर में खाली हुई दुकान नंबर-3 की नीलामी 22 अक्तूबर को दोपहर बाद 3 बजे बचत भवन के हॉल में की जाएगी। सहायक आयुक्त राकेश शर्मा ने बताया कि इस नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति 21 अक्तूबर सायं 5 बजे तक अपने आवेदन आधार कार्ड, राशन कार्ड और पूर्ण पते के विवरण के साथ सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। बोलीदाता को नीलामी से पहले 10 हजार रुपए की धरोहर राशि जमा करवानी होगी। दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया 20 हजार रुपए रखा गया है। बचत भवन परिसर के दुकानदार और उनके परिवार के सदस्य नीलामी में भाग लेने के लिए पात्र नहीं होंगे। सफल बोलीदाता से दुकान का तीन महीने का किराया अग्रिम राशि के रूप में लिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए सहायक आयुक्त कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

> जैसे ही आप सांस लेते हैं, अपने आप को संजोएं। जैसे ही आप सांस छोड़ते हैं, सभी प्राणियों का सम्मान करें। –दलाई लामा

## संपादकीय

# परोपकार का पर्याय

आधुनिक भारत के शिल्पी प्रसिद्ध उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर पूरा देश गमगीन है। दुनियाभर के बड़े नेताओं के शोक संदेशों से सोशल मीडिया से लेकर टीवी चैनल और अखबारें भरी पड़ी हैं। भले ही वह हमारे बीच न हों, लेकिन उनका किया परोपकार उन्हें हर किसी के दिल में जिंदा रखता है। उन्हें दुनिया के सबसे महान परोपकारियों में से एक माना जाता था, जिन्होंने अपने दान से समाज की मदद की। रतन टाटा, जमशेदजी टाटा के बाद सबसे बड़े दानवीरों में से एक हैं। टाटा ग्रुप के नेतृत्व में भारत में स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बेहतर बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। जमशेदजी के बाद उनकी विरासत को संभालने वाले रतन टाटा भी दान के मामले में पीछे नहीं रहे। टाटा ग्रुप ने कोरोना से लड़ने के लिए 1500 करोड़ रुपए का दान किया था। साल 2022 में आईआईएफएल वेल्थ हुरुन इंडिया रिच लिस्ट के मुताबिक, रतन टाटा की कुल संपत्ति 3,800 करोड़ रुपए थी। वह अपनी कमाई का 66 प्रतिशत हिस्सा दान कर देते थे। उन्होंने कई मौकों पर जरूरतमंदों को दान करके इंसानियत का परिचय दिया है। साल 2014 में आईआईटी बॉम्बे में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए 95 करोड़ रुपए दान किए थे।


कोरेल यूनिवर्सिटी में उन्होंने 28 मिलियन डॉलर का दान दिया था। टाटा ग्रुप का देश के निर्माण में बहुत बड़ा योगदान रहा है। वह एक ऐसे व्यवसायी के रूप में जाने जाते थे जिन्होंने भारत को वैश्विक मंच पर एक अलग पहचान दिलाई। टाटा समूह के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कई हाई-प्रोफाइल अधिग्रहणों के माध्यम से भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया। वह दूरदर्शी और दयावान थे। उनकी सादगी की मिसाल बड़े बड़ों को अपना कायल बना देती है। उन्होंने व्यवसाय में नवाचार के कई नए आयाम स्थापित किए। टाटा ने टेटली, जगुआर लैंड रोवर और कोरस जैसी कंपनियों का अधिग्रहण किया, जिससे टाटा समूह एक वैश्विक व्यवसाय में बदल गया। सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने में रतन टाटा कभी पीछे नहीं रहे। उन्होंने स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य किया, जिससे समाज के विकास में मदद मिली। टिस्को और टेल्को टाटा संस की दो बड़ी कंपनियां हैं। टाटा ग्रुप इन्हीं के बूते टिका है। टिस्को के जरिए स्टील के क्षेत्र में टाटा बादशाह है तो टेल्को के माध्यम से ऑटोमोबाइल के क्षेत्र में। उन्होंने वाहन उद्योग में क्रांति लाई। लोको इंजन बनाने से लेकर लग्जरी कारों का सफर उन्होंने तय किया। टाटा एस्टेट, टाटा सिएरा, टाटा इंडिका, टाटा मांजा, टाटा सफारी, टाटा नेक्सन और टाटा नैनो कार के विकास का नेतृत्व किया, जिससे औसत भारतीय उपभोक्ता के लिए वाहन खरीदना किफायती हो गया। उन्होंने देश के मिडल क्लास और गरीबों को सस्ती कीमत पर कारें उपलब्ध करवाई।

उन्हें हम एक सच्चे व्यवसायी और समाजसेवक के रूप में देख सकते हैं, जिन्होंने अपने काम से देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। रतन टाटा एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व हैं, जिनसे हम कई महत्वपूर्ण बातें सीख सकते हैं। रतन टाटा ने हमेशा अपने व्यवसाय में नैतिकता और मूल्यों को महत्व दिया है। अपने व्यवसाय में नवाचार और जोखिम लेने की महत्ता को समझाया है। सामाजिक उत्तरदायित्व को महत्व दिया और समाज के विकास में योगदान दिया। रतन टाटा ने अपनी नेतृत्व क्षमता से टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर पहुंचाया है। उन्होंने सादगी और विनम्रता को अपने जीवन में महत्व दिया है। अपने काम में कठिन परिश्रम और समर्पण की महत्ता को दर्शाया है। उन्होंने व्यवसाय में पारदर्शिता को महत्व दिया और अपने व्यवसाय में इसका पालन किया। रतन टाटा ने समाज के प्रति जिम्मेदारी को महत्व देकर समाज के विकास में योगदान दिया। उन्होंने आत्म-विश्वास और धैर्य को अपने जीवन में महत्व दिया है और इसका पालन किया है। रतन टाटा की इन बातों को अपनाकर हम अपने जीवन में सफलता और समृद्धि प्राप्त कर सकते हैं। टाटा भरोसे का दूसरा नाम है। टाटा इस बात में विश्वास रखते थे कि किसी काम में सफलता पानी है, तो उस काम की शुरुआत भले ही आप अकेले करें, लेकिन उसे बुलंदियों तक ले जाने के लिए लोगों का साथ जरूरी है। वह हमेशा टीम वर्क में विश्वास रखते थे। उन्हें बेशक अभी भारत रतन न मिला हो, लेकिन सही मायने में वह असली भारत रतन थे। वह वास्तव में सच्चे राष्ट्र निर्माता थे। ■

# आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## प्रसिद्ध भारतीय बॉलीवुड अभिनेता

**अमिताभ** बच्चन भारतीय सिनेमा के महान सितारे, जो चार दशक से भी अधिक समय से हिंदी फिल्म उद्योग पर छाए हुए हैं। अमिताभ बच्चन सहस्त्राब्दी के महानायक कहे जाते हैं। अभिनय के अतिरिक्त अमिताभ बच्चन पार्श्वगायक, फिल्म निर्माता और टीवी प्रस्तुतकर्ता और भारतीय संसद के एक निर्वाचित सदस्य के रूप में भी जाने जाते हैं। अमिताभ 1970 के दशक में बॉलीवुड सिनेमा के एंग्री यंग मैन कहलाए और भारतीय फिल्म इतिहास की सबसे महत्त्वपूर्ण शख्सियत बन गए। 40 साल बाद भी आज बॉलीवुड में उनके कद के सामने कोई नहीं है। आज भी वे बॉलीवुड के सबसे व्यस्त अभिनेताओं में गिने जाते है। प्रारंभ में जिस आवाज के कारण निर्देशकों ने अमिताभ को अपनी फिल्मों से लेने को मना कर दिया था, वही आवाज आगे चलकर उनकी विशिष्टता बन गई। अमिताभ बच्चन का जन्म इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश राज्य में हुआ था। हिंदी काव्य में 'हालावाद के प्रवर्तक' और अमिताभ के पिता हरिवंशराय और उनका परिवार अत्यंत धार्मिक प्रवृत्ति का था और उनके घर में रामचरित मानस तथा श्रीमद् भगवत् गीता का नियमित पाठ होता था। संस्कारवश स्वयं अमिताभ भी गीता-रामायण का नियमित पारायण करते हैं। अमिताभ बच्चन और जया भादुड़ी की दो संतान हैं, श्वेता बच्चन नंदा और अभिषेक बच्चन। अभिषेक बच्चन भी एक अभिनेता हैं, जिनका विवाह प्रसिद्ध अभिनेत्री ऐश्वर्या राय से हुआ है। अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या हैं। ■



अमिताभ बच्चन
जन्म : 11 अक्तूबर, 1942

## अपनी बात



**मां** आदिशक्ति का नौवां स्वरूप माता सिद्धिदात्री के रूप में माना जाता है। नवरात्र के नौवें दिन इनकी पूजा किए जाने का विधान है। जिससे सभी सिद्धियों की प्राप्ति होती है। शारदीय नवरात्र का पावन पर्व जब अपने अंतिम चरण में होता है यानी कि दशहरा से एक दिन पहले तो माता के नौवें स्वरूप की आराधना की जाती है। देवीपुराण के अनुसार, भगवान शिव ने मां सिद्धिदात्री की कृपा से ही सिद्धियों की प्राप्ति की थी। साथ ही मां के इसी स्वरूप से ही भगवान शिव को आधा शरीर देवी का प्राप्त हुआ था जिसे अर्द्धनारीश्वर कहा जाता है। माना जाता है कि जो भी व्यक्ति सच्चे मन और पूरी श्रद्धा से माता के इस स्वरूप की पूजा करता है, तो उसे सभी सिद्धियों की प्राप्ति होती है। साथ ही उसके सभी बिगड़े हुए काम बन जाते हैं और धन की कमी भी नहीं रहती। आइए जानते हैं मां के इस स्वरूप से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण बातें। माता की तस्वीर या मूर्ति स्थापित करें और फिर उसके आसपास गंगाजल का छिड़काव करें। इसके बाद माता को फूल, अक्षत, कुमकुम आदि आर्पित करें। माता को भोग लगाएं और घी का दीप जलाएं। इस दिन जातक को हवन अवश्य करना चाहिए और सभी देवी देवताओं के नाम की आहुति देना चाहिए। विधिवत पूजा के दौरान मंत्रों का जाप भी करें और आखिर में मां की आरती करें और माता के जयकारे लगाएं। **विजय, कांगड़ा**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारत के अनमोल रत्न टाटा के जाने से घाटा

09 अक्तूबर 2024 रतन टाटा के देहांत के साथ एक युग समाप्त हो गया। भारत ने न केवल एक महान उद्योगपति खो दिया, बल्कि एक ऐसा व्यक्ति खोया है, जिसने अपने जीवन को परोपकार, सादगी और देश की सेवा में समर्पित किया। रतन टाटा, जिनका जीवन संघर्ष और सफलता की एक अनूठी कहानी है, ने अपनी उदारता, ईमानदारी और उच्च आदर्शों के माध्यम से दुनिया में एक अमिट छाप छोड़ी। उनका योगदान केवल व्यावसायिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उन्होंने सामाजिक सुधार, मानवीय सेवा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में भी निस्वार्थ भाव से भरपूर दान दिया।

'सर रतन टाटा' का जन्म 28 दिसंबर 1937 को सूरत (गुजरात) के एक पारसी परिवार में हुआ था। टाटा परिवार, जो भारत के सबसे प्रमुख औद्योगिक घरानों में से एक है, में जन्मे रतन नवल टाटा का जीवन सरल नहीं था। जब रतन टाटा सिर्फ 10 साल के थे, उनके माता-पिता, नवल टाटा और सोनू टाटा का तलाक हो गया। इस घटना ने उनके जीवन को गहराई से प्रभावित किया। तलाक के बाद, रतन और उनके भाई जिमी की परवरिश उनकी दादी नवाजबाई टाटा ने की। रतन टाटा का अपनी दादी से विशेष स्नेह था। उनकी दादी अनुशासित महिला थीं और उन्होंने रतन टाटा जी के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

दादी के संस्कार और उनका मार्गदर्शन रतन टाटा के जीवन की मजबूत नींव बने। रतन टाटा ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा मुंबई के कैथेड्रल एंड जॉन कॉनन स्कूल और शिमला के बिशप कॉटन स्कूल से प्राप्त की। इसके बाद, उन्होंने अमेरिका के कॉर्नेल विश्वविद्यालय से वास्तुकला में डिग्री हासिल की और हार्वर्ड बिजनेस स्कूल से एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम पूरा किया।

पढ़ाई के बाद, उन्होंने टाटा स्टील से अपने करियर की शुरुआत की, जहां उन्होंने जमीनी स्तर पर काम करके व्यापार की बारीकियों को सीखा। 1991 में, जब रतन टाटा ने टाटा समूह की बागडोर संभाली, तब समूह के सामने कई चुनौतियां थीं, लेकिन उनके दूरदर्शी नेतृत्व ने टाटा समूह को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने कई कंपनियों का अधिग्रहण किया, जिसमें 'टाटा मोटर्स' द्वारा 'जैगुआर' और 'लैंड रोवर' का अधिग्रहण और टाटा स्टील द्वारा कोरस का अधिग्रहण प्रमुख था। उनके नेतृत्व में, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) ने सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की। उनकी सोच और दृष्टिकोण ने टाटा समूह को भारतीय बाजार से निकालकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थापित किया।



लेखक : मनीष कुमार
जयसिंहपुर कांगड़ा

रतन टाटा ने हमेशा अपने वायदों को निभाया और व्यापार में ईमानदारी और पारदर्शिता को बनाए रखा। रतन टाटा ने हमेशा नैतिकता और ईमानदारी को प्राथमिकता दी, जिससे वे समाज और देशहित के कार्यों में अग्रणी बने। 2008 में मुंबई के ताज होटल पर हुए आतंकी हमले के बाद रतन टाटा की भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता। ताज होटल, जो टाटा समूह का हिस्सा है, पर हुए इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान गई। इस कठिन समय में रतन टाटा ने न केवल होटल के कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की, बल्कि अन्य प्रभावित परिवारों की भी हर संभव मदद की। उन्होंने ताज होटल के जल्द से जल्द पुनर्निर्माण की दिशा में काम किया, ताकि इसे फिर से एक प्रतिष्ठित स्थान के रूप में खड़ा किया जा सके। ताज होटल के कर्मचारियों के परिवारों को वित्तीय सहायता प्रदान की और उनके पुनर्वास की व्यवस्था की। यह उनके संवेदनशील और मानवीय स्वभाव का एक और उदाहरण है। रतन टाटा ने कभी शादी नहीं की, और इस बारे में हमेशा से उत्सुकता रही है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया।

उन्होंने खुद बताया है कि उनके जीवन में कई बार शादी का विचार आया, लेकिन परिस्थितियां ऐसी रहीं कि वे इस कदम को कभी उठा नहीं पाए। चार बार उनके जीवन में शादी के करीब क्षण आए, लेकिन हर बार कुछ ऐसा हुआ कि उन्हें इस फैसले पर पुनर्विचार करना पड़ा। उनकी निजी जिंदगी सादगी और संयम से भरी रही। रतन टाटा ने कभी भी सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत मसलों को उजागर नहीं किया और यह उनकी गंभीरता और विनम्रता का प्रतीक है। उन्होंने जीवनभर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि रखा। रतन टाटा की समयबद्धता और वचनबद्धता के बारे में कई किस्से प्रचलित हैं। वे अपने वादों के पक्के माने जाते थे। यदि उन्होंने किसी से कुछ कहा, तो उसे पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करते थे। एक बार जब रतन टाटा किसी कॉलेज के समारोह में मुख्य अतिथि थे, तब उनसे मिलने के लिए विद्यार्थियों में भगदड़ मच गई और कुछ को चोटें आईं। यह देखते हुए, उन्होंने कहा कि वे समारोह के अंत में सभी से मिलेंगे। उन्होंने अपना वचन निभाते हुए अपनी विमान यात्रा रद्द की और प्रत्येक विद्यार्थी से बातचीत करके ही वापस लौटे। रतन टाटा अपनी कमाई का लगभग 66 प्रतिशत हिस्सा दान में देते थे। यह बात उन्हें अन्य उद्योगपतियों से अलग बनाती है। वे मानते थे कि उद्योग का उद्देश्य केवल मुनाफा कमाना नहीं, बल्कि समाज की भलाई के लिए निरंतर कार्य करना भी होना चाहिए। उनके नेतृत्व में, टाटा ट्रस्ट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किए।

उन्होंने व्यक्तिगत रूप से भी कई सामाजिक कल्याण प्रोजेक्ट्स को समर्थन दिया, जिसमें गरीब बच्चों की शिक्षा पोषण, जलसंरक्षण, कौशल, विकास, आपदा, खेलकूद से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक शामिल था। रतन टाटा का जीवन न केवल भारतीय उद्योग जगत के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति के लिए प्रेरणा है जो सादगी, ईमानदारी और समाज सेवा में विश्वास करता है। उन्होंने दिखाया कि कैसे एक उद्योगपति समाज की भलाई के लिए अपना जीवन समर्पित कर सकता है। उनकी विरासत टाटा समूह की कंपनियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह उन नैतिकताओं और मूल्यबोध की भी विरासत है, जिसे उन्होंने जीवन के हर पहलू में अपनाया। रतन टाटा का जीवन एक प्रेरणादायक यात्रा थी, जिसमें उन्होंने कठिनाइयों का सामना करते हुए भी अपने सिद्धांतों से कभी समझौता नहीं किया। उनका योगदान भारत के उद्योग, समाज और मानवीयता के क्षेत्र में अनमोल है।

उनकी सादगी, मानवता और परोपकार की भावना हमें हमेशा याद रहेगी। वे हमें सिखाते हैं कि सच्ची सफलता केवल धन कमाने में नहीं, बल्कि समाज के उत्थान और सेवा में है। उनके जीवन से यह भी सीखने को मिलता है कि किसी भी परिस्थिति में विनम्रता और नैतिकता को बनाए रखना ही सच्ची महानता है। रतन टाटा के निधन के साथ ही एक युग का अंत हुआ है। उन्होंने अपने व्यवहार से हर एक भारतीय के दिल पर अमिट छाप छोड़ी है। जब तक सूरज-चांद रहेगा, भारत के अनमोल रत्न 'रतन टाटा' का नाम अमर रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# नासमझ युवतियां अश्लीलता को बना रही आय का स्रोत

जैसा कि हम सभी को मालूम है कि जब से सोशल मीडिया का दौर शुरू हुआ है मानों तब से हमारी संस्कृति और सभ्यता पर जैसे ग्रहण सा लग गया है, जिसमें बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों के अनुभव अनुसार मुख्य कारण माना जाता है कि जब से युवाओं के हाथों में एंड्रॉयड फोन और सोशल मीडिया ने अपना प्रभाव दिखाना शुरू किया है, मानों तब से सबसे ज्यादा अगर कोई वर्ग प्रभावित हुआ है तो वह है युवा वर्ग। जिस सोशल मीडिया को अगर हम जानकारी अनुसार सही रूप से प्रयोग करते हैं, तो इसके लाभ भी अनेक मानें जाते हैं, परंतु सोशल मीडिया में जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब इत्यादि पर खासकर युवा बहुत ज्यादा सक्रिय नजर आते हैं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक

तो वहीं दूसरी ओर अनेक क्षेत्रों की नासमझ युवतियां सोशल मीडिया पर अपने फोलोवर्स बढ़ाने एवं चंद पैसों के लिए अश्लीलता दिखाने की मानों एक होड़ सी लग रही है। जिसका विपरीत प्रभाव युवाओं पर पड़ता जा रहा है और अनेक युवा ऐसी अनेक अश्लीलता भरी वीडियो एवं सोशल मीडिया के माध्यम से अनेक लोगों को ब्लेक मेल कर रहे हैं। जिसमें विभिन्न राज्यों के शातिर लाखों रुपए की राशी हड़पने में सफल हो रहे हैं, जो एक साइबर क्राइम माना जाता है। इस प्रकार आज समाज को भी ऐसी नासमझ और संस्कृति विहीन लड़कियों एवं महिलाओं को आगाह करने एवं इन पर रोक लगाने की परम् आवश्यकता है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की अश्लीलता का नंगा नाच देखने को न मिलें।

इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के विभिन्न साइड्स में इस प्रकार की अनेक अश्लीलता भरी सामग्री उपलब्ध हो जाती है, जिसका विपरीत प्रभाव आज की युवा पीढ़ी पर दिन-प्रतिदिन पड़ता जा रहा है।

जिन सभी साइड्स पर केंद्र सरकार को प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता है। जिस प्रकार सोशल मीडिया और अश्लीलता के कारण युवा अपना किमती समय पढ़ाई लिखाई और अपने भविष्य को बेहतर बनाने के बजाय सोशल मीडिया में कहीं न कहीं दिशाहीन होते नजर आ रहे, वर्तमान में आलम यह हो गया है कि अगर कोई भी जानकारी आपको किसी भी बहुमूल्य विषयों पर हासिल करनी है, तो साइड्स को खोलने के साथ-साथ विभिन्न अश्लीलता भरी सामग्री उपलब्ध हो जाती है, जिस साइड्स को हम आप परिवार के साथ मानों देख भी नहीं सकते हैं। तो वहीं विभिन्न क्षेत्रों की युवतियां नशे की आदी होती जा रही है, तो वहीं पैसों के लिए नशे के साथ-साथ सोशल मीडिया एवं इंटरनेट साइड्स पर अपनी अश्लीलता का प्रदर्शन कर रही है, ऐसी स्थिति पूर्व में शहरों में अधिक देखने को मिलती थी, परंतु वर्तमान स्थिति में विभिन्न क्षेत्रों के ग्रामीण युवाओं पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता जा रहा है। जिस देवभूमि में पूर्व के अनेक वर्षों में कभी भी ऐसी स्थिति देखने एवं सुनने को नहीं मिलती थी, परंतु वर्तमान स्थिति यह हो गई है कि देवभूमि हिमाचल प्रदेश में भी इस प्रकार का विपरीत प्रभाव युवाओं में देखने को मिल रहा है, जो वर्तमान में एक बड़ी चुनौती एवं समस्या देखने एवं सुनने को मिलती हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## गम की रात



उदय वीर भारद्वाज

*ए दिल कर हौंसला*
*भुला दे याद उनकी*
*मत कर एहसास दर्द का*
*पीजा आंसू सारे, खत्म हो जाएगा*
*दर्द भरी आहें, ए दिल कर हौंसला*
*गम की रात गुजर जाएगी*
*ख्वाब, सपने, बेचैनी*
*स्याह रात की बात मत कर*
*वो देख लाली सबेरे वाली*
*रंग देगी गगन तेरे मन का*
*ए दिल कर हौंसला*
*गम की रात गुजर जाएगी*
*गम की रात गुजर जाएगा*

# चिकन, मटन और अंडे की ऑनलाइन सेल का हो रहा प्रचार गलत

आजकल कुछ भी गूगल में सर्च कीजिए, तो कभी न कभी आपको गलत प्रचार जो लिशियस के मांस उत्पाद, गोदरेज चिकन हलाल आदि मांस का प्रचार देखने को मिल जाता है। इसमें अन्य कंपनियों द्वारा पता नहीं कहां से आ जाता है, आमोजों ने यूपीआई से पे करें, तो स्क्रैच कार्ड में मिल जाता है। यह मांसहार का प्रचार नहीं, तो और क्या है। यहां तक कि नेशनल एग को-ऑर्डिनेसन कमिटी द्वारा महान क्रिकेटर श्री कपिल देव व राहुल द्रविड़ द्वारा अंडे पर प्रचार फिर से टीवी पर आने लगा कि संडे हो या मंडे रोज खाएं अंडे, जिसकी मैं कड़ी निंदा करता हूं और इस पर प्रचार नहीं हो सकता है, क्योंकि यह नॉनवेज की श्रेणी में है। ऐसे चिकन मटन का ऑनलाइन सेल का खूब प्रचार इंटरनेट पर आता है, जो गलत है। यह भगवान बुद्ध व महावीर की धरती है, ऐसा नहीं होना चाहिए। अंडा है क्या इसके बारे में जानिए वेज अंडा नॉन वेज है यह मुर्गी के पेट में पल रहा चूजा है, विज्ञान पर ध्यान दे भारत के महान वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बोस ने यह सिद्ध कर दिया था कि पेड़ पौधा भी सजीव है। अत: उसके फल पत्ती को खाया जा सकता है, लेकिन तोड़ने की गलती मत कीजिएगा, क्योंकि वो पर्यावरण की रक्षा करता है।

बढ़ते औद्योगीकरण व जनसंख्या वृद्धि के कारण ही असमय पृथ्वी का तापमान अचानक बढ़ गया है। पेड़ इसे शील्ड करते हैं। अत: पेड़ सजीव है, लेकिन शाकाहारी में आता है। यदि ऐसा न हो तो आदमी क्या खाएगा। अत: फल, सब्जी, पत्ती दूध, दही आदि सभी शाकाहार में आते हैं, किंतु अंडा बिलकुल नहीं क्योंकि यह मुर्गी का भ्रूण है और कई मुर्गीपालन के जरिए करते हैं, लेकिन यह मांसहार की श्रेणी में आता है, क्योंकि केक में अंडा के केक का कलर कोड ग्रीन नहीं होता है। भ्रूण हत्या पाप है, जो इसको नहीं मानते हैं न माने, लेकिन विज्ञान पर तो दुनिया विश्वास करती है। एक हालिया अध्ययन के अनुसार दुनिया भर के लोगों ने वैज्ञानिकों पर भरोसा व्यक्त किया है, लेकिन वे अनुसंधान में सरकारों के हस्तक्षेप को लेकर चिंतित भी हैं। यह निष्कर्ष वैश्विक संचार संस्थान एडेलमैन द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट ट्रस्ट बैरोमीटर का है जिसके लिए मेक्सिको से लेकर जापान तक 29 देशों के 35,500 से अधिक लोगों का सर्वेक्षण किया गया था।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

सर्वेक्षण के 75 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने नवाचारों और नई प्रौद्योगिकियों संबंधित सही जानकारी प्रदान करने के लिए वैज्ञानिकों पर विश्वास जताया है। इतने ही प्रतिशत लोगों ने चाहा है कि वैज्ञानिक इन नवाचारों को पेश करने में स्वयं आगे आएं। इसके विपरीत, सही जानकारी देने के संदर्भ में लोगों ने पत्रकारों और सरकारी नेताओं पर क्रमश: 48 प्रतिशत और 45.5 प्रतिशत ही भरोसा जताया है। हालांकि, अध्ययन में 53 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने देश में विज्ञान के राजनीतिकरण की बात कही है, जो राजनेताओं के हस्तक्षेप की ओर इशारा करता है। विश्व स्तर पर 59 प्रतिशत का मानना है कि सरकारें और अनुसंधान वित्तपोषक एजेंसियां वैज्ञानिक प्रयासों पर अत्यधिक प्रभाव डालते हैं। ये आंकड़े भारत में 70 प्रतिशत और चीन में 75 प्रतिशत तक पहुंच गए हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग 60 प्रतिशत लोगों का मानना है कि सरकारों में उभरते नवाचारों के नियमन की क्षमता का अभाव है।

यह भरोसा वैज्ञानिकों के लिए एक अवसर के साथ चुनौती भी है। इस विश्वास के दम पर वैज्ञानिक प्रयास कर सकते हैं कि सरकारी नीतियां प्रमाण-आधारित बनें। इसके साथ ही वे सरकारी हस्तक्षेप और नियामक शक्तियों पर लोगों के अविश्वास संबंधी चिंताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। सवाल यह उठता है कि सार्वजनिक हितों को ध्यान में रखते हुए, नीतियों की दिशा सुनिश्चित करने के लिए वैज्ञानिक सरकारों के साथ कैसे सहयोग कर सकते हैं? कई विशेषज्ञ इस रिपोर्ट को काफी महत्वपूर्ण बताते हैं जो कोविड-19 महामारी और कृत्रिम बुद्धि के उदय जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए विज्ञान और नवाचार पर वैश्विक फोकस के साथ मेल खाती है। हालिया समय में दुनिया भर की सरकारें क्लस्टरिंग विश्वविद्यालयों से लेकर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने और नवीन परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की विभिन्न रणनीतियों की तलाश कर रही हैं। एक हालिया प्रस्ताव में चिकित्सा विज्ञान में एआई की बड़ी भूमिका की वकालत की गई है लेकिन नियामक सुधारों को भी आवश्यक बताया है। गौरतलब है कि इस पूरे मामले में सामाजिक विज्ञान एक ऐसे उपकरण के रूप में उभरा है जिसका उपयोग नहीं किया गया है।

यूके अकादमी ऑफ सोशल साइंसेज की एक रिपोर्ट में डैटा वैज्ञानिकों, अर्थशास्त्रियों, नैतिकताविदों, कानूनी विद्वानों और समाजशास्त्रियों की विशेषज्ञता की चर्चा करते हुए नीति निर्माण में सामाजिक विज्ञान को जोड़ने पर जोर दिया गया है। इन क्षेत्रों के पेशेवर लोग नई प्रौद्योगिकियों, आर्थिक मॉडलों और नियामक ढांचे की ताकत और सीमाओं का आकलन कर सकते हैं और उनमें निहित अनिश्चितताओं को भी संबोधित कर सकते हैं। यदि लोगों को लगता है कि विज्ञान का राजनीतिकरण हो चुका है और सरकारें बहुत अधिक हस्तक्षेप कर रही हैं, तो यह सिर्फ विज्ञान के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए भी समस्या है, क्योंकि इससे लोगों के इस विश्वास में कमी आ सकती है कि सरकारें इन नवाचारों के लाभ उन तक पहुंचाएंगी और संभावित नुकसानों से बचाएंगी।

ऐसे में वैज्ञानिकों को नवाचार के बारे में विश्वसनीय स्रोत बनने के अवसर का लाभ उठाना चाहिए। अत: जिसे जो खाना है खाए उसमें मनाही नहीं है, लेकिन गलत चीज का प्रचार भी न करें नहीं तो रामदेव बाबा के प्रचार जैसा हाल हो जाएगा, सही चीज बताने में क्या हर्ज है मशरूम भी शाकाहारी नहीं है। एक प्रकार का फंगस है जो एक मांस का ही अंश है, लेकिन लोगों को खिलाने हेतु बाजार में लाने में मुनाफा के कारण नहीं बताया जाता जो गलत है क्योंकि खान-पान का असर आपके खून में होता और विचार गलत हो जाता है जिससे अपराध बढ़ते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# स्वाभिमानी अभाव में रहता है, पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता

बेशक स्वाभिमानी अभाव में रहता है पर वह किसी के प्रभाव में नहीं रहता है अपने स्वभाव में रहता है। अपने स्वाभिमान को बरकरार रखो। जीहजूरी करने वाला सिर झुकाकर ही चल सकता है। थर्ड श्रेणी में मुश्किल से पास हुए, लोग आज उपदेश देते है कि हमने मेहनत की है, मगर सच्चाई सौ परदे फाड़कर बाहर आती है। समय आने पर धराशायी जरूर होगें। नकल व रिश्वत के बल पर सफलता हासिल करने वाले एक दिन बेनकाब होंगे, नकली पंख कब तक उड़ान देंगे। गीदड़ को अगर शेर की खाल पहना दी जाए, तो वह शेर नहीं बन जाता। जीहजूरी करने वालों को बंदरों की तरह ही नचाया जाएगा। मदारी उसे अपने हिसाब से नचाएंगे। तिगड़म व जीहजूरी के बलबूते सफलता हासिल कर चुके कुछ लोग आज भले ही ऊंचे ओहदों पर पहुंचे हैं, मगर यह लोग इनके काबिल नहीं है। तिगड़म व तलवे चाटकर सफलता हासिल करना आसान है, मगर उसे बनाए रखना कठिन है। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती। जीहजूरी से सफलता हासिल करने वाले गुलामी में ही जीएंगे।

एक मेहनती व स्वाभिमानी सिर उठाकर ही चलेगा। व औंधे मुंह गिरेगें। दूसरों का हक मारकर सफल बने लोगों को वक्त एक दिन जरूर आईना दिखाएगा, जब असफल होकर उसी परिपाटी पर आएंगे। साम, दाम, दंड, भेद जैसी नापाक नीतियां अपनाकर यह लोग सफलता हासिल कर चुके हैं। खुद तो यह लोग तिगड़मों से सैटल हो गए है। अब अपने चिरागों को रोशन करने के लिए जुगाड़तंत्र फिट करने में मशगूल रहते हैं। आज भले ही यह लोग अपने लाडलों को नकल के बलबूते अग्रसर कर रहे हैं, लेकिन आगे पिछड़ जाएगें।

तब होश ठिकाने आएगें। तिगड़मों को ही सब कुछ मान बैठे हैं मगर चिरित्रहीन लोगों के साथ ही इनका नाता है। दूसरों को दुख देकर भले ही आज सुख भोग रहे हैं, मगर जब समय अपना हिसाब मांगेगा, तब दीवारों पर सिर पटकेगे कि हमने दूसरों के हकों पर डाका डालकर कितना गलत किया था। तिगड़मबाज यह लोग अपने अबैध कामों के लिए हर नीति अपनाते हैं, जबकि दूसरों के वैध व जरूरी कामों के लिए आनाकानी करते हैं। कहते हैं कि हाथ से छिना जा सकता है, मगर भाग्य को नहीं छिना जा सकता। जो भाग्य में है वह जरूर मिलेगा। देर जरूर है मगर सच ही पुरस्कृत होता है। आज कुछेक तथाकथित लोग तिगड़म करके ऐसे पदों पर विराजमान है, जिसके वे काबिल नहीं है, लेकिन सिफारिश के बलबूते स्थान हासिल करने वालों को एक दिन वक्त जरूर धूल चटाता है। जब वह प्रतिभा के आगे नहीं टिकता एक कहावत की घर का जोगी जोगड़ा बाहर का जोगी सिद्ध, आज पूरी तरह चरितार्थ हो रही है। मगर मानव को एक बात हमेशा याद रखनी चाहिए कि मुसीबत में अपने ही काम आते हैं बाहर के तमाशा देखते हैं। आज अपनों को नीचे गिराया जाता है और बाहर के लोगों को ऊपर उठाया जाता है। भेदभाव किया जाता है। प्रतिभा को दबाया जाता है और चंद स्वार्थों के लिए बाहर के लोगों को फायदा पहुंचाया जाता है।



लेखक : नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार

आज कितने ही प्रतिभावान लोग है, जिन्हें दरकिनार करके अयोग्य लोगों को मौका दिया जाता है। अनुभवहीन लोग आज इतने बड़े बन जाते हैं कि दूसरों को पाठ पढ़ाने लगते हैं कि कौन काम सही है और कौन गलत मगर सच्चाई सौ परदे फाड़ कर बाहर आती है। तब ऐसे लोग खाक में मिल जाते हैं। यह वक्त का कैसा तकाजा है कि आज सच्चे व इरादों के पक्के लोगों को मुख्यधारा से बाहर किया जा रहा हैं। मगर वक्त एक ऐसा तराजू है, जिसके एक पलड़े में जिंदगी और दूसरे पलड़े में मौत होती है। जीवन और मृत्यु में सिर्फ सांसों का फासला है। जब इंसान जिंदा होता है तो कोई उसका हाल तक नहीं पूछता, लेकिन जब संसार से रुखस्त हो जाता है तो हर आदमी मातम में शामिल होने में अपनी शान समझतें है। जिन्होने जब जिन्दा था तो बात तक नहीं की होंगी।

जब जीता है तो एक जोड़ी कपड़ा तक नसीब नहीं होता मगर जब उसके किसी काम का नहीं होता उसके मृत शरीर पर सैंकड़ों चादरें डाली जाती है।जीते जी जिसे घी नहीं मिलता जलाती बार मुहं में शुद्व देशी घी की आहुती दी जाती है जो व्यर्थ है।कहने का तात्पर्य यह है कि मानव की जीते जी सहायता की जाए, तो वही सच्ची मानवता कहलाएगी। आज लोगों के पास समय नहीं है इतना व्यस्त है कि रोटी खाने के लिए समय नहीं है। हर समय पैसा ही पैसा कमाने में व्यस्त रहता है। अनैतिक तरीकों से धन कमा रहा है, मगर मानव को यह पता है कि दुनिया में नंगा आया था, नंगा ही जाएगा, तो यह धन-दौलत का लालच क्यों कर रहा है। गलत काम करके पैसा अर्जित करके आलिशान महल बना रहा है, मगर पल की खबर नहीं है। मानव को एक दूसरे के सुख दुख में शामिल होना चाहिए। आज कुछ तथाकथित अमीर बने लोग कारों में बैठकर ऐसे बन जाते है कि धरती पर चल रहे मानव को कीड़े-मकोड़े समझते हैं। मानव को नीच कर्मों को छोड़ देना चाहिए ।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

### अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद, 13 से 19 तक मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

# 1380 जवान संभालेंगे दशहरा उत्सव की सुरक्षा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

13 से 19 अक्तूबर तक आयोजित होने जा रहे अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के आयोजन को मात्र एक दिन का समय शेष बचा है। ऐसे में पुलिस-प्रशासन की ओर से तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। वहीं, पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं। वीरवार को एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुचंद्रन ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से चाक-चौबंद रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस बार 1380 जवानों के हाथ में सुरक्षा का जिम्मा रहेगा। इनमें 151 महिला जवान सेवाएं देंगी। पुलिस की ओर से दो टीम गठित की हैं, जो जगह-जगह जाकर नजर रखेंगी। इसके अलावा बाहरी राज्यों से आए लोगों के दस्तावेजों की भी पुलिस के द्वारा जांच की जाएगी। वहीं, पुलिस प्रशासन के द्वारा पूरे दशहरा स्थल को 13 सेक्टर में बांटा जाएगा, 90 के करीब सीसीटीवी भी निगरानी करेंगे और हर सेक्टर में पुलिस के



डीएसपी रैंक के अधिकारी की निगरानी में सभी जवान सुरक्षा संबंधी कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी रोड मैप जारी कर दिया गया है और विभिन्न जगहों पर पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है। दशहरा उत्सव के चलते जिला कुल्लू के सभी होटल, होम स्टे, गेस्ट हाउस में भी चेकिंग की जा रही है। एसपी कुल्लू ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में हजारों लोग भाग लेने आते हैं और ऐसे में पुलिस के द्वारा बेहतर तरीके से काम किया जाएगा, ताकि यहां पर न तो ट्रैफिक की दिक्कत हो सके और न ही सुरक्षा को लेकर किसी प्रकार की परेशानी लोगों को उठानी पड़े। वहीं, उन्होंने आम जनता से भी आग्रह किया कि वह दशहरा में आने से पहले चिन्हित किए गए पार्किंग स्थलों पर ही अपने वाहनों को पार्क करें, अगर उन्हें कोई भी संदिग्ध गतिविधि नजर आती है, तो इस बारे तुरंत कुल्लू पुलिस को सूचित करें। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षा के लिहाज से 13 सेक्टरों में बांटा मेला स्थल

**सुरक्षा** के लिहाजे से पुलिस ने दशहरा स्थलों को 13 सेक्टर में बांटा है। इसके अलावा ड्रोन, बम डिस्पोजल दस्ता, डॉग स्कवैड सहित स्पाई गूगल बॉडी कैमरे आदि पुलिस जवानों और लोगों को दिए गए हैं, जिससे जवान नजर रखेंगे।

### जगह-जगह लगाए जाएंगे नाके

**बजौरा** से लेकर रामशिला तक पुलिस की ओर से जगह-जगह नाके भी लगाए जाएंगे और हर गतिविधि पर नजर रखी जाएगर। दशहरे के दौरान पुलिस रामशिला में गैमन पुल के पास नाकाबंदी करेगी। लिहाजा, जिला पुलिस दशहरा को लेकर अलर्ट है।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव को लेकर सजाया जा रहा माता हिडिंबा का अस्थायी शिविर।

## श्रृंगा ऋषि उत्सव में भाग लेने के लिए हुए रवाना

**शीला कौल, बंजार**



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए बंजार घाटी सहित बाह्य सराज के विभिन्न क्षेत्रों के देवी-देवता रवाना होना शुरू हो गए हैं।

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव 13 से 19 तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बंजार के आराध्य देवता श्रृंगा ऋषि भी अपने लाभ-लश्कर ढोल-नगाड़ों की थाप पर जिला मुख्यालय कुल्लू भगवान राम रघुनाथ से मिलने के लिए रवाना हुए हैं। देवता श्रृंगा ऋषि के बंजार नगर में आगमन पर विभिन्न स्थानों पर फूल-मालाओं से स्वागत किया गया। वहीं, कुछ श्रद्धालुओं की ओर से जलपान की भी व्यवस्था की गई। देवता श्रृंगा ऋषि के पुजारी हेमराज शर्मा ने बताया कि वीरवार को देवता का रात्रि विश्राम खुंदन गांव में होगा। वहीं, सुबह पूजा-अर्चना के पश्चात देवता अपने हारियांनो के संग पैदल यात्रा कर टकोली गांव में रात्रि विश्राम करेंगे। टकोली गांव से सुबह 4 बजे के करीब फिर से पैदल यात्रा कर भुंतर पहुंच कर हारियानों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई है। तत्पश्चात देवता को भगवान रघुनाथ की नगरी कुल्लू पहुंचाया जाएगा। देवता के पुजारी चानन शर्मा, इंद्र देव शर्मा, हरि शर्मा, हेमराज शर्मा ने बताया कि अपने देवालय बागी से लगभग 60 किलोमीटर की पैदल यात्रा करने के पश्चात जिला मुख्यालय कुल्लू अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए पहुंचेंगे। (अनंत ज्ञान)

# अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में वाहन पार्किंग की समस्या से मिलेगी निजात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




मोनाल कैफे के समीप बनी आठ करोड़ की चार पार्किंग जनता को समर्पित करते सीपीएस।

इस बार अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में आने वाले लोगों को अपने वाहन पार्क करने की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। नगर परिषद कुल्लू के तहत आने वाली आठ करोड़ की चार पार्किंग बनकर तैयार हो गई हैं और वीरवार को मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर ने इनका उद्घाटन किया। दशहरा से ठीक पहले यह पार्किंग जनता को समर्पित कर दी गई है। पार्किंग की सुविधा मिलने से अब लोगों को अपने वाहन सड़कों पर खड़े नहीं करने पड़ेंगे। दोपहर बाद हुए कार्यक्रम में सीपीएस का ढोल-नगाड़ों के साथ स्वागत हुआ। इसके बाद मोनाल कैफे स्थित पार्किंग का उद्घाटन किया गया।

8 करोड़ से निर्मित मोनाल कैफे की पार्किंग का लोकार्पण किया। इस मौके पर सीपीएस ने कहा कि दशहरे से पहले इसका लोकार्पण होना बहुत जरूरी था, इसके द्वारा 75 कारों को पार्क करने की सुविधा मिलेगी, कुल्लू शहर में नगर परिषद कुल्लू के अमृत योजना के अंतर्गत बनी हुई चार पार्किंग स्थलों के माध्यम से पार्किंग की बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। गत वर्ष से दशहरे का सारा स्वरूप बदलने का कार्य मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के मार्गदर्शन में हुआ है, जिसने कुल्लू के लोगों के दिलों पर ही नहीं, बल्कि विदेशों में भी अपना प्रभाव बिखेरा है। इस वर्ष भी 2 दर्जन से अधिक देश अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करेंगे। कुल्लू शहर में नजारा खूबसूरत होता जा रहा है, अगले 1 साल के अंदर ढालपुर मैदान में बड़े-बड़े एवं सुंदर झरने व हरियाली देखने को मिलेगी। हमने यहां पर सीटिंग एरिया बनाया है, जहां शहरवासियों को बैठने के लिए खुली जगह होगी तथा कुल्लू में जो बीच की सड़क है, इसको रोज शाम को सर्कुलर रोड किया जाएगा तथा भविष्य में कुल्लू में बहुत खूबसूरत वेंडिंग जोन बनने वाला है। इस अवसर पर नगर परिषद के अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत, कांग्रेस जिला अध्यक्ष सेस राम आजाद सहित विभिन्न गणमान्य उपस्थित रहे। यहां से एयरपोर्ट, मणिकर्ण की घाटी तक नदी के किनारे कंक्रीट की दीवारों से तटीकरण किया जाएगा तथा भविष्य में शहर में कई स्थानों पर एलीवेटर सीढ़ियां लगाने के लिए भी योजना बनाई जाएगी। मुख्यालय ढालपुर में ऑटोमेटेड बूम बैरियर पार्किंग बनाने की योजना नगर परिषद कुल्लू के वार्ड-8 ढालपुर के पूर्व पार्षद तरुण विमल ने की थी। उन्होंने अपने कार्यकाल में बड़े शहरों की तर्ज पर कुल्लू में इस तरह की पहली पार्किंग बनाने की योजना बनाई थी, जिसमें एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर बूम बैरियर होंगे, जिसमें पूरी तरह कैमरा नियंत्रण के साथ सर्विलेंस की सुविधा होगी। पूर्व पार्षद तरुण विमल ने अपने कार्यकाल में इस पार्किंग का निर्माण कार्य भी शुरू करवा दिया था, जो कि अब सिरे चढ़ा है।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम को दशहरे की तैयारियों से करवाया अवगत



**कुल्लू।** डीसी कुल्लू एवं उपाध्यक्ष अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव समिति तोरूल एस रवीश ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को दशहरा उत्सव के लिए की जा रही तैयारियों से अवगत करवाया। उन्होंने मुख्यमंत्री को दशहरा उत्सव में समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करने के लिए औपचारिक रूप से निमंत्रण दिया तथा निमंत्रण पत्र सहित दशहरा उत्सव 2024 का ब्रॉशर भी भेंट किया।

### कुल्लू में भाषा विभाग का कर्मचारी मनीष लापता



**कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के ढालपुर में भाषा एवं संस्कृति विभाग में कार्यरत मनीष शर्मा बीते एक अक्तूबर से लापता चल रहे हैं, ऐसे में अब लापता मनीष शर्मा के परिवारजनों ने ढालपुर में एसपी कुल्लू के साथ मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। वहीं, परिजनों ने एसपी कुल्लू से आग्रह किया कि वह लापता मनीष शर्मा के फोन रिकॉर्ड सहित अन्य बातों की भी गहनता से छानबीन करें, ताकि पता चल सके कि मनीष शर्मा आखिर लापता क्यों हो गया है। भाषा एवं संस्कृति विभाग में कार्यरत मनीष शर्मा 1 अक्तूबर को अपने कार्यालय से लापता हो गया था, ऐसे में परिजनों के द्वारा उसकी तलाश शुरू की गई, लेकिन अभी तक उसका कुछ पता नहीं चल पाया है। परिजनों ने कुल्लू पुलिस से मांग रखी की कि इस बारे सभी तथ्यों की जांच की जाए और उनके बेटे की जल्द तलाश की जाए।

### वॉलीबाल प्रतियोगिता में अलेउ की टीम विजयी

**मनाली।** जवाहर लाल नेहरू कॉलेज हरिपुर में शारीरिक शिक्षा विभाग के द्वारा वॉलीबाल इंट्राम्यूरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शारीरिक शिक्षा विभाग प्रमुख प्रोफेसर ज्योति बाला ने बताया कि कॉलेज में करवाई गई इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की आठ टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच अलेऊ व लाहौल टीम के मध्य खेला गया। अलेऊ टीम विजय रही, जिसमें मोहित, अनीश, आशीष, अशीन, सूरज व पीयूष खिलाड़ी थे और द्वितीय स्थान पर लाहौल टीम रही, जिसमें सिकंदर, सुवंश, कुनाल, आदित्य, राहुल, विवेक व विशाल खिलाड़ी थे। कॉलेज की प्रॉचार्या डॉ. शेफाली ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और जो नहीं जीत पाए उन्हें प्रॉचार्य ने और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। प्रॉचार्या डॉ. शेफाली ने सभी विद्यार्थियों को खेलों को अपने जीवन में अपनाने के साथ कहा कि खेल मानसिक, शारीरिक और सामाजिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। यह हमें स्वस्थ रखने, दिमाग की क्षमता को विकसित करने, सामरिकता का अभ्यास करने और टीमवर्क करने का अवसर प्रदान करता है इसलिए विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ खेलों की ओर ध्यान देना चाहिए। प्रो. ज्योति ने कॉलेज प्रॉचार्या डॉ. शेफाली, स्टाफ, खिलाड़ियों व शारीरिक शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद किया।

### हरिराम चौधरी बने सैंज नंबरदार संघ के अध्यक्ष




**सैंज।** सैंज खंड नंबरदार संघ के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए। सैंज तहसील कार्यालय में हुए चुनाव में फाटी सुचेहण के नंबरदार हरिराम चौधरी को अध्यक्ष चुना गया। लापह फाटी के चुन्नीलाल को उपाध्यक्ष, शेंशर फाटी के दीप चंद को महासचिव, दुशाहड़ के तेजा सिंह को सचिव, भलाहण के योगराज को कोषाध्यक्ष, रैला के गोविंद ठाकुर को सालाहकार, मनेशी के भगत राम को कार्यकारिणी सदस्य, शांघड़ के रूम सिंह, धाउगी के तुले राम, शेंशर के तविंद्र कुमार, शांघड़ के राम सरण, रैला के उत्तम चंद, दुशाहड़ के झाबे राम, कनौण के मेहर चंद और भलाहण के केहर सिंह और गाड़ापारली के नोक सिंह को सदस्य चुना गया। नंबरदार संघ के नवनियुक्त अध्यक्ष हरिराम चौधरी के बताया कि नंबरदारों के हित में कार्य किया जाएगा और सरकार व विभाग से बेहतर तालमेल कर राजस्व संबंधित कार्यों को जनता के लिए सुलभ करने के प्रयास किए जाएंगे।

## मांगें नहीं मानी, तो 14 अक्तूबर से परियोजना में कार्यरत मजदूर काले बिल्ले लगाकर करेंगे विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

मलाणा प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (संबंधित सीटू) की आम सभा यूनियन के अध्यक्ष तुलसी राम की अध्यक्षता में यूनियन के कार्यालय डूंखरा में की गई।

आम सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य महासचिव प्रेम गौतम ने कहा कि मलाणा वर्कर्स यूनियन द्वारा 3 अप्रैल 2024 को मलाणा प्रोजेक्ट के प्रबंधनवर्ग को 6 सूत्रीय मांग पत्र दिया गया था, लेकिन 7 महीने बीत जाने के बाद भी प्रबंधन वर्ग ने मांगपत्र को लेकर किसी भी तरह का गौर नहीं किया। मजदूरों के मांगपत्र के प्रति नकारात्मक रवैया अपनाया हुआ है। मांग पत्र में मजदूरों की मुख्य मांगों में मासिक वेतन बढ़ोतरी, परियोजना में कार्यरत मजदूरों की समय-समय पर पदोन्नति, परियोजना में कार्यरत सभी मजदूरों को एक समान सुविधा, परियोजना में कार्यरत ठेका मजदूरों को नियमित करने व ठेका मजदूरों को सेवानिवृत्त होने पर ग्रेच्युटी की है, लेकिन प्रबंधवर्ग ने इन मागों को अनदेखा करने का काम किया है। ठेका मजदूर पिछले 18-20 वर्षों से परियोजना में कार्यरत हैं। इन मजदूरों में से अधिकतर मजदूर जिनकी परियोजना में भूमि अधिग्रहित की है, जो प्रभावित और विस्थापित हैं। हाल ही में इन्हीं मजदूरों की ज्यादातर भूमि परियोजना के डैम के टूटने से बह गई। उन प्रभावित व विस्थापित मजदरों को नियमित रोजगार नहीं दिया जा रहा है, जबकि परियोजना से कंपनी को करोडों का मुनाफा हो रहा है। यूनियन की आमसभा में फैसला लिया है कि अगर प्रबंधन वर्ग शीघ्र मजदूरों की मांगो को नहीं मानता, तो 14 से परियोजना में कार्यरत मजदूर काले बिल्ले लगाकर विरोध करेंगे।

# जीवन में खेलों का विशेष महत्व : अनुराधा राणा

## विधायक ने कौमिक, हिक्किम, किब्बर व चिचम में करोड़ों की योजनाओं के किए उद्घाटन व शिलान्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने अपने स्पीति प्रवास के दूसरे दिन विकास खंड स्पीति के कौमिक, हिक्किम, किब्बर व चिचम में 1 करोड़ 23 लाख रुपए की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का आम जनमानस के लिए लोकार्पन व शिलान्यास किया।

विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना करने के उपरांत कौमिक में 28 लाख रुपए की लागत से निर्मित पर्यटक सुविधा केंद्र का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि इस पर्यटक सुविधा केंद्र के बनने से जहां इस क्षेत्र में आने वाले पर्यटकों को ठहरने की सुविधा मिलेगी। वहीं, युवाओं को घरद्वार पर ही रोजगार भी मिलेगा। इस सुविधा केंद्र में टूरिस्ट ईको यूनिट-1 और टूरिस्ट ईको यूनिट-2 दो कक्ष बने हुए हैं, जिसमें चार लोगों के लिए



विधायक अनुराधा राणा कौमिक, हिक्किम, किब्बर व चिचम के लोगों की समस्याओं को सुनते हुए।

रहने की सुविधा उपलब्ध है। विधायक ने हिक्किम में 35 रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक हॉल और किब्बर में 30 लाख रुपए से निर्मित होने वाले ध्यान एवं पर्यटक सूचना केंद्र भवन और चिचम पुल के समीप 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले क्यूबिकल ग्लास हाउस एवं साइटींग प्वाइंट का शिलान्यास किया।

उन्होंने कौमिक में कॉन्फ्रेंस हॉल एवं लाइब्रेरी का निरीक्षण किया और इसे जल्द पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने कौमिक में भारतीय सेना के 22 जम्मू एंड कश्मीर राइफल्स के कमांडेंट से भी बातचीत की और सेना द्वारा कौमिक गांववासियों एवं इस क्षेत्र के लोगों के लिए लगाए गए निशुल्क स्वास्थ्य कैंप के बारे में भी जानकारी ली। विधायक ने गांववासियों एवं क्षेत्र के लोगों से सेना द्वारा लगाए गए निशुल्क चिकित्सा कैंप का लाभ उठाने का आह्वान किया।

युवा क्लब कीह द्वारा लोचेन रिंचेन जडमों क्रिकेट मैदान कीह में आयोजित किए जा रहे क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विधायक ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने युवा क्रिकेट क्लब कीह को क्रिकेट के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि जीवन में खेलों का विशेष महत्व है और खेलों के आयोजन से न केवल मानसिक व शारीरिक विकास होता है, बल्कि खिलाडियों में खेलों के प्रति रुचि भी बढ़ती है। विधायक ने युवा क्लब कीह को 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की। इसके बाद उन्होंने कीह में निर्माणाधीन वृद्धाश्रम भवन का निरीक्षण किया तथा निर्माण कार्य को जल्द पूरा करने के लिए कहा। विधायक ने इस दौरान लांग्जा, कौमिक, हिक्किम, कीह, किब्बर तथा चिचम में लोगों की समस्याएं भी सुनीं और उनकी उचित समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के स्टूडेंट्स ने नुक्कड़ नाटक से एचआईवी के प्रति किया जागरूक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिले के सेऊबाग में स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने कुल्लू के सरवरी में स्थित बस स्टैंड में नुक्कड नाटक पेश कर लोगों को जागरूक किया। वीरवार को एचआरटीसी बस स्टैंड कुल्लू में पॉलिटेक्निक कॉलेज के विद्यार्थियों ने कॉलेज के लेक्चरर और बस स्टैंड में उपस्थित जनता की उपस्थिति में एचआईवी और नशे के दुष्प्रभाव के बारे में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर जागरूकता फैलाई।

पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों ने पहली बार नुक्कड़ नाटक में भाग लेते हुए बेहतरीन तरीके से अभिनय करते हुए एचआईवी और नशे के दुष्प्रभाव को जनता के समक्ष आसान और सरल शब्दों में जागरूकता संदेश को प्रसारित किया। रेड रिबन क्लब



को जागरूकता का प्रतीक माना जाता है और साथ ही नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव और एचआईवी के खिलाफ लड़ाई का भी एक प्रतीक माना जाता है। एचआईवी और नशे के दुष्प्रभाव को लेकर आरआरसी यानी रेड रिबन क्लब के अंतर्गत पॉलिटेक्निक विद्यार्थियों ने जागरूकता अभियान में भाग लिया। इस अवसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के 16 विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक में भाग लिया। इस अववसर पर पॉलिटेक्निक कॉलेज के इंजीनियर नमिश राणा (लेक्चरर) नोडल ऑफिसर रेड रिबन क्लब, इंजीनियर नवल किशोर (लेक्चरर) रेड रिबन क्लब मेंबर और मनसा राम लैब टेक्नीशियन रेड क्लब मेंबर ने भी इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाए गए जागरूकता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। इस दौरान नोडल ऑफिसर नमिश राणा ने बताया कि ये एकदिवसीय जागरूकता अभियान रेड रिबन क्लब के अंतर्गत कुल्लू बस स्टैंड में सफलतापूर्वक करवाया गया। इस दौरान बस स्टैंड में उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के जागरूकता अभियान और अभिनय को खूब सराहा।

# डिंपल कुमारी केंद्रीय छात्र परिषद की अध्यक्ष

## कुल्लू कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सरदार पटेल यूनिवर्सिटी मंडी के कुलपति प्रो. ललित कुमार अवस्थी मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे।

उन्होंने अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित महासचिव और सह सचिव पद की शपथ दिलाई। स्नातकोत्तर हिंदी प्रथम वर्ष की डिंपल कुमार को अध्यक्षा पद पर मनोनित किया गया। श्रुति ठाकुर बीएससी थर्ड ईयर को उपाध्यक्ष, बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीया को महासचिव और कोमल बीकॉम फर्स्ट ईयर की छात्रा को सहसचिव मनोनीत किया गया। साथ ही प्रॉचार्य डॉ. मनदीप शर्मा, उपप्राचार्या डॉ. बृज वाला, प्रो. सोम कृष्ण और प्रो. राम नाथ ने कार्यकारिणी सदस्यों को




कुल्लू कॉलेज में केंद्रीय छात्र परिषद के शपथ ग्रहण समारोह में मौजूद स्टूडेंट्स।

उनके सदस्य पद की शपथ दिलाई। सदस्य पद पर रितिका, सुमन वर्मा, टीना कुमारी, मंजू देवी, कुमारी किरना, निशा देवी, प्रीती राणा, एशली ठाकुर, मधु ठाकुर, अदिति, शीतल, मनीष भारद्वाज, अदिति चौहान, कनिका महंत, मनदीप कौर, मनप्रीत कौर, वरुणी, अरुण कुमार, निशा देवी, हर्ष ठाकुर, अंशिका, कोयली देवी, निशांत, नवीन शर्मा, वरिंदेस आर्यन डोगरा, सपना, मीरा देवी अभिषेक कुमार, मानव ठाकुर, प्रियंजलि ठाकुर, स्नेहा ठाकुर आदि को शपथ दिलाई। कार्यक्रम में संगीत विभाग की पायल ने मैं हवा हूं कहां वतन मेरा गजल गाई और क्षितिज ने लोकगीत कायथा यारा गाकर और सरोज ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्यातिथि ने अपने वक्तव्य में बताया कि विद्यार्थियों को अपने जीवन में सफल होने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने की आवश्यकता है। साथ ही उन्होंने कुल्लू में परीक्षा मूल्यांकन केंद्र खोलने की घोषणा की और उन्होंने कुल्लू कॉलेज में विज्ञान संकाय में एक उत्कृष्ट प्रयोगशाला खोलने को कहा।

# 18 को कांग्रेस कमेटी शमशी में करेगी सीएम का स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेम सिंह ठाकुर की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कुल्लू दशहरा उत्सव की सब कमेटियों के मेंबर को अपने कार्य क्षेत्र में अच्छी तरह काम करने के दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में यह तय किया गया कि 18 को कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ज्वाला माता मंदिर शमशी में



कुल्लू ब्लॉक कांग्रेस की बैठक के दौरान पदाधिकारी व सदस्य।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू का भव्य स्वागत करेगी और मुख्यमंत्री से मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर को मंत्री बनाए जाने के लिए आग्रह करेंगे। इस बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेस राम आजाद के अलावा अन्य पदाधिकारी किशन ठाकुर, दौलत ठाकुर, करतार गुलरिया, मदनलाल सूद, केहर सिंह ठाकुर, कार्तिक चौधरी, सुरेंद्र चौधरी, अनुपम गॉड, मनु शर्मा, सुनील उपाध्याय, मुकेश महंत, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष राहुल बौद्ध, महासचिव जिला कांग्रेस कमेटी एवं मीडिया प्रभारी कुल्लू संजय गुप्ता, सुखचंद विधानसभा कुल्लू के सभी सर्कल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष उपस्थित रहे।

**बैठक** डीसी राहुल कुमार ने कहा, ग्रामीण विकास व पंचायतीराज संस्था के अधिकारी विकास कार्यों को तेज गति प्रदान करें

# 15वें वित्त आयोग के तहत 34 करोड़ के बजट का प्रावधान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में ग्रामीण विकास विभाग एवं पंचायतीराज संस्था के अधिकारी विकास कार्यों में तेज गति प्रदान करें और समय रहते विभिन्न योजनाओं में करवाए जा रहे विकासात्मक कार्यों को तय समय के भीतर पूर्ण करवाएं।

यह निर्देश डीसी राहुल कुमार ने जिला ग्रामीण विकास प्राधिकरण एवं पंचायतीराज संस्था के विभिन्न विकासात्मक कार्यों को लेकर संयुक्त समीक्षा बैठक के दौरान



डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार बैठक के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए।

अधिकारियों व कर्मचारियों को दिए। डीसी ने वित्तीय वर्ष में जिले के प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत स्वीकृत 23 आवासों व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत 7 आवासीय भवनों के कार्यों की प्रगति समीक्षा करते हुए यह भी निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत गत वर्षों से लंबित मामलों में गृह निर्माण के पात्र लाभार्थियों जिन्होंने प्रथम किस्त लेने के उपरांत भी अभी तक आवास कार्य को आरंभ नहीं किया है, उनसे रिकवरी वसूली जाए, ताकि इस धन राशि को अन्य जरूरतमंद व्यक्ति को चयनित कर योजना से लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने इस बात पर बल देते हुए कहा कि लाहौल-स्पीति के स्थानीय उत्पादों को बेहतर प्लेटफार्म मिले, इसके लिए स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित बनाने के लिए अधिकारी गांव में जाकर कार्य करें व उनकी संख्या को तय लक्ष्य के अनुरूप बढ़ाएं और उन्हें प्रशिक्षण भी प्रदान करें।

मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए डीसी ने बताया कि मनरेगा के तहत लगभग 3 करोड़ के करीब धनराशि व्यय की गई है और अब तक 50 हजार 443 श्रम दिवस अर्जित किए गए हैं और 6521 मनरेगा कामगारों को आधार से जोड़ा गया है शेष 96 कामगारों को भी जल्द आधार से जोड़ा जा रहा है। जिले में पंचायतीराज संस्थाओं द्वारा करवाए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग के तहत लाहौल-स्पीति में 34 करोड़ के बजट का प्रावधान किया गया है और अब तक 7 करोड रुपए विभिन्न कार्यों पर खर्च किए गए हैं।



# एमसी में 1000 भवनों का सर्वेक्षण बाकी

## टैक्स जारी करने में आ रही दिक्कत, उपनियम-2022 के तहत होगी कार्रवाई


**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में संपत्ति कर निर्धारण करने के लिए करवाए गए सर्वेक्षण में करीब 1000 हजार भवन और फ्लैट ऐसे हैं, जिनके मालिकों ने अभी तक नगर निगम को अपना विवरण नहीं दिया है।

ऐसे में नगर निगम ऐसे भवन मालिकों पर उपनियम-2022 के तहत कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। इसके लिए निगम की ओर से प्रारूप तैयार कर दिया है। शहर में करीब 1000 फ्लैट और भवन मालिकों ने अभी तक संपत्ति कर का सर्वेक्षण नहीं करवाया है, ऐसे में नगर निगम को शहर में संपत्ति के बिल जारी करने में दिक्कत आ रही है।

छूटे हुए भवनों और फ्लैट मालिकों के खिलाफ निगम की ओर से कार्रवाई शुरू की जाएगी। निगम के संपत्ति कर के उपनियम-2022 के अनुसार 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही कंजरवेंसी टैक्स की पांच गुणा राशि भी छूटे भवन और फ्लैट मालिक को देनी होगी। जानकारी के मुताबिक इन फ्लैट और भवनों में काफी समय से लोग नहीं रह रहे हैं। इनसे संपर्क करना भी निगम को मुश्किल हो रहा है।

सर्वेक्षण टीम चार से पांच बार इन फ्लैट और भवनों में जा चुकी है, लेकिन कोई व्यक्ति न मिलने पर वह लौट आती है। इस कारण अब निगम ने सख्त कार्रवाई करने के लिए कह दिया है। निगम की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 16 अप्रैल से पहले छूटे हुए भवन मालिकों को संपत्ति कर का ब्यौरा देना होगा। (अनंत ज्ञान)


सोलन शहर।

### एजी सैक कंपनी कर रही कार्य

**नगर** निगम की ओर से बीते दिनों संपत्ति कर लागू करने के लिए भवनों और फ्लैट का मूल्यांकन कार्य करवाया गया। यह कार्य पूरा हो गया है। इसके तहत अब ऑनलाइन बिल जारी किए जा रहे हैं, लेकिन करीब 1000 फ्लैट और भवन अभी भी छूट गए हैं, जिससे संपत्ति कर के बिल अभी नहीं बंट पा रहे हैं। यह कार्य एजी सैक कंपनी की ओर किया गया है। अब संपत्ति कर का मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। अब निगम की ओर से बिल का आवंटन किया जा रहा है।


शहर में संपति कर का सर्वेक्षण कार्य लगभग पूरा हो गया है। सर्वेक्षण कार्य के दौरान कुछ फ्लैट और भवनों के मालिक न मिलने पर वहां संपत्ति कर का मूल्यांकन नहीं हो पाया है। यदि समय रहते भवन मालिकों ने प्रॉपर्टी का विवरण नहीं दिया, तो निगम की ओर से कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जाएगा।
**एकता कापटा, आयुक्त, नगर निगम सोलन।**

# बद्दी अनाज मंडी में धान खरीद केंद्र शुरू, 2320 रुपए प्रति क्विंटल मिला रेट

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



बद्दी स्थित मलपुर अनाज मंडी में धान की फसल का खरीद केंद्र का शुभारंभ सीपीएस राम कुमार चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि धान फसल को समर्थन मूल्य दिलाने का विषय प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि किसानों को बेहतर लाभ मिल सके। इस मंडी में किसानों से 2320 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान की फसल खरीदी जाएगी। खरीद केंद्रों में टोकन प्रणाली से धान की फसल क्रय की जाएगी। धान बेचने के लिए किसानों को खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा।

विभाग के पोर्टल पर धान खरीद की पूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। किसान विभाग के पोर्टल पर किसी भी नजदीकी लोकमित्र केंद्र अथवा अपने मोबाइल फोन के माध्यम से पोर्टल पर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण के उपरांत उन्हें टोकन नंबर व धान बेचने की तिथि मिलेगी। धान की खरीद 10 से 31 दिसंबर तक की जाएगी। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि मलपुर मंडी खुलने से दून विधानसभा क्षेत्र एवं आसपास के क्षेत्र के किसान अपने घर के समीप धान की फसल बेच पाएंगे। इससे किसानों को अधिक लाभ मिलेगा। जल्द ही मंडी के नजदीक फसल एकत्रीकरण के लिए भंडारण गृह क्रय करने की योजना भी बनाई जा रही है। इस भंडारण गृह के लिए प्रदेश सरकार की ओर से समुचित धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इस मंडी को स्थायी करने व फसल के समर्थन मूल्य के लिए मामला उच्च स्तर पर उठाया जाएगा। प्रदेश सरकार किसानों और बागवानों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने के लिए कृतसंकल्प है। किसानों की सुविधा के लिए प्रदेश में विपणन मंडियों के नेटवर्क को सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में स्थापित विपणन मंडियों में बेहतर सुविधाएं सृजित की जा रही हैं। किसानों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने के लिए विभिन्न विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं।

# शूलिनी में अष्टमी पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अनंत ज्ञान, सोलन**

शारदीय नवरात्र की अष्टमी के मौके पर जिला मुख्यालयों के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। माता शूलिनी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवरात्र की अष्टमी को मां महागौरी की पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला देखा गया।

इस दौरान भीड़ को व्यवस्थित करने को मंदिर में सुरक्षा के इंतजाम रहे। मंदिर में दिनभर भजन-कीर्तन का दौर रहा। वहीं, नवरात्र में व्रत रखने वाले भक्तों ने घरों पर कन्या पूजन कर उन्हें उपहार देकर अपने व्रत खोले। गंज बाजार स्थित शक्ति पीठम, मॉल रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर, काली माता मंदिर शामती में भी अष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। महिलाओं ने मंदिर में प्रसाद चढ़ाकर देवी के आठवें स्वरूप मां महागौरी की उपासना की। वहीं, श्रद्धालुओं ने अपने घरों में कन्याएं जिमाने के बाद उपवास तोड़ा। इस अवसर पर खासकर मां दुर्गा व मां काली की विशेष पूजा-अर्चना की गई। देवी स्वरूप कन्याओं को भोग लगाया गया। बाइपास मार्ग स्थित चामुंडा देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ पूजा-अर्चना को उमड़ पड़ी। पुलिस लाइन स्थित देवी मंदिर में सुबह चार बजे से श्रद्धालुओं की हजारी भरनी शुरू कर दी थी। मंदिर में देवी के दर्शन व पूजा-अर्चना को महिलाओं में खासा उत्साह दिखाई पड़ा। शहर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना का सिलसिला जारी रहा। माता शूलिनी मंदिर में सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर में महिला व पुरुष पुलिसकर्मियों की तैनाती रही।



माता शूलिनी मंदिर में देवी दर्शन को पहुंचे श्रद्धालु (दाएं) नवरात्र का पाठ करते भक्तजन।

### शूलिनी मंदिर में नवरात्र पाठ हुआ

**शूलिनी** माता मंदिर में दुर्गा संकीर्तन मंडली, नव दुर्गा संकीर्तन मंडली, बाल वैष्णो संकीर्तन मंडली के पूर्व सदस्यों की ओर से लगातार रात्रि नौ बजे के बाद नवरात्र पढ़े जा रहे हैं। मंदिर में बड़ी संख्या में भक्तों ने शूलिनी माता मंदिर पहुंच माता का गुणगान सुना। नवरात्र पाठ में विशाल ओबेरॉय, दीपक वर्मा, नीरज वर्मा, विवेक ओबरॉय, संजय अग्रवाल, अमित ओबेरॉय, विशेष रूप से चंद्रकांत, अशोक गागट, राकेश अग्रवाल, मोनू गुप्ता, मोहन दत्त शर्मा, नीरज गुप्ता, अनूप सिंगल, छोटू बिग, मोनू गुप्ता, नरेंद्र कुमार, मुकेश गुप्ता और आमजन मौजूद रहे।

# राजगढ़ में पारंपरिक अंदाज से मनाई गई दुर्गा अष्टमी

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**



राजगढ़ व इसके पास के क्षेत्र में दुर्गा अष्टमी यानी आठय का पर्व पूरे पारंपरिक अंदाज में मनाया गया, यहां दुर्गा अष्टमी का पर्व आज के आधुनिक समय में भी पारंपरिक अंदाज से मनाया जाता है। यहां दुर्गा अष्टमी के इस पर्व को आठय के नाम से जाना जाता है। इस पर्व के लिए अष्टमी वाले दिन सुबह सूर्य उदय से पहले ही लोग यहां आसपास घासनियों में लगे सफेद रंग के प्राकृतिक फूल जिसे स्थानीय भाषा में धराडी कहा जाता है, उसको एकत्र कर लाया जाता है और इस फूल के दौ बंडल यानी गुच्छे बनाए जाते हैं।

इसे स्थानीय भाषा में धराडा व धराडी कहा जाता है। धराडा यानी नर व धराडी यानी मादा इन दोनों को पूजा के लिए तैयार किया जाता है और एक विशेष बर्तन रूप में सजाया जाता है और सूर्यास्त के समय गेहूं के मुडे अखरोट व गुड़ देसी घी से धराडा-धराडी की पूजा की जाती है। पूजा के बाद धराडा यानी नर को पानी के स्रोत के पास ले जाया जाता है और धराडी को घर की तीसरी मंजिल जिसे स्थानीय भाषा में छादड कहा जाता है, वहां से पिछले साल की रखी धराडी को निकालकर धराडे के साथ जल स्रोत के पास व नई धराडी को छादड में अगले साल तक रखा जाता है। धराडी व यहा लक्ष्मी स्वरूप पूजा जाता है और अगले साल तक घर पर ही रखा जाता है। आज के दिन से ही यहां दीपावली के पर्व का भी आगाज हो जाता है।

# डीसी ने नवनिर्वाचित पार्षद अमरदीप को दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर निगम सोलन के वार्ड नंबर-05 के नवनिर्वाचित पार्षद अमरदीप पांजा को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में भाजपा के पार्षद और पार्टी के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया।



हालांकि मेयर सहित कांग्रेस के पार्षदों ने शपथ समारोह से दूरी बनाई। कार्यक्रम में उपमहापौर मीरा आनंद, पार्षद शैलेंद्र गुप्ता, सुषमा शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त अजय यादव भी उपस्थित थे। बता दें कि 29 सितंबर को वार्ड-5 में हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी अमरदीप पांजा ने कांग्रेस प्रत्याशी पुनीत नारंग को हराया था। इससे अब नगर निगम में भाजपा के 7 पार्षद हो गए हैं। कांग्रेस के 9 पार्षद हैं, जबकि एक पार्षद निर्दलीय है।

# हनुमान ने किया लंका का दहन

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की नगर पंचायत के ऐतिहासिक चौगान मैदान में चल रही रामलीला के आठवें दिन रामलीला के मंचन का शुभारंभ आरती से हुआ।

क्लब के निदेशक हेमेंद्र गुप्ता व प्रधान अजय रघुवंशी ने बताया कि इस दौरान रामलीला के आठवें दिन सुग्रीव द्वारा बाली को युद्ध के लिए ललकारना, बाली वध, हनुमान का लंका प्रस्थान, रावण सीता संवाद, हनुमान द्वारा अशोक वाटिका उजाड़ना, लंका दहन सहित अन्य रोमांचक दृश्य मंचित किए गए, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। पुरानी परंपरा के अनुसार रामलीला के मंचन के दौरान हर दिन एक मुख्यातिथि को बुलाया जाता है। रामलीला के सातवें दिन सिविल जज ईशानी शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व रामलीला के सफल मंचन के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है कि रामलीला क्लब अर्की द्वारा पुरानी संस्कृति को संजोए रखा है। रामलीला के मंचन से बच्चों को शिक्षा मिलती है। इस अवसर पर रामलीला क्लब द्वारा मुख्यातिथि को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि द्वारा आयोजकों को अपनी ओर से राशि प्रदान की गई।



### पाइनग्रोव स्कूल में अखिल भारतीय अंडर-17 क्रिकेट टूर्नामेंट की धूम

# पीजीएस ने 72 रनों से हराई एमजीडी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पाइनग्रोव स्कूल धर्मपुर में लड़कियों के लिए अखिल भारतीय क्रिकेट अंडर-17 टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन समारोह के अवसर पर स्कूल के कार्यकारी निदेशक कैप्टन एजे सिंह ने मुख्यातिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

इन संस्थानों में महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल जयपुर, मॉडर्न स्कूल दिल्ली, दिल्ली पब्लिक स्कूल आरके पुरम और मेजबान पाइन ग्रोव स्कूल, सोलन सम्मिलित हैं। भाग लेने वाली टीमों ने ब्रास बैंड की धुन पर मार्च पास्ट की तथा मुख्यातिथि ने परेड की सलामी ली। विद्यालय की स्पोर्ट्स प्रीफेक्ट आध्या शर्मा के नेतृत्व में शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। खेल प्रभारी सुरिंदर मेहता की उपस्थिति में मुख्यातिथि द्वारा प्रेरणादायक भाषण के साथ सभा को संबोधित किया तथा एक दिन किसी खिलाड़ी के विश्व कप में खेलने की आशा जताई। उन्होंने सभी को सुरक्षित खेलने तथा आगामी मैचों के लिए शुभकामनाएं देते हुए इस टूर्नामेंट को घोषित किया। महारानी गायत्री देवी गर्ल्स स्कूल जयपुर और मेजबान स्कूल, पाइनग्रोव स्कूल की लड़कियों के बीच उद्घाटन मैच खेला गया, जिसमें पीजीएस की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शानदार प्रदर्शन करते हुए 5 विकेट पर 126 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए एमजीडी की टीम 10 विकेट पर केवल 54 रन पर सिमट गई और पीजीएस टीम ने शानदार 72 रनों से जीत हासिल की। पाइनग्रोव स्कूल की लव्या 39 गेंदों पर 33 रन बनाकर हाईएस्ट स्कोरर तथा लव्या लांबा को शानदार चार विकेट लेकर हाईएस्ट विकेट लेने वाली खिलाड़ी घोषित किया गया।



# मेडिकल कॉलेज नाहन की फिर हांफी मुख्य अल्ट्रासाउंड मशीन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

मेडिकल कॉलेज नाहन की मुख्य अल्ट्रासाउंड मशीन हांफ गई है। इस मशीन के खराब होने के चलते मरीजों को खासतौर से गर्भवती महिलाओं को जांच संबंधी सबसे ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं।

इससे पहले भी एक मशीन 10 दिन खराब रह चुकी है। इस मशीन के ठीक होते ही अब मुख्य मशीन ने भी जवाब दे दिया है। हालांकि मेडिकल कॉलेज प्रबंधन की ओर से टेक्नीशियन को बुला लिया गया है। बावजूद इसके वीरवार दोपहर बाद भी मशीन ठीक नहीं हो पाई थी। मेडिकल कॉलेज में हजारों की ओपीडी होने के बावजूद केवल तीन अल्ट्रासाउंड मशीनें स्थापित की गई हैं। अल्ट्रासाउंड को लेकर सबसे ज्यादा परेशानी उन मरीजों को उठानी पड़ती है, जो जिले के दूरदराज इलाकों से मेडिकल कॉलेज पहुंचते हैं। यही नहीं मरीजों को सेम डेट में इसकी सेवाएं नहीं मिल पाती हैं। ऐसे में लंबी तारीख के बावजूद मशीन के खराब मिलने पर मरीजों को निजी अस्पतालों में महंगे दामों पर अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। उधर, मेडिकल कालेज नाहन के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि पहले खराब हुई मशीन को ठीक कर लिया गया है। दूसरी मशीन को भी ठीक करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जल्द ही इसे ठीक कर सेवाएं नियमित की जाएंगी। टेक्नीशियन मशीन को ठीक करने में लगे हैं।

**व्यवस्था** दुल्हन की तरह सजाया गया है शिरगुल महाराज का मंदिर, 52 वर्षों के बाद हो रहा यज्ञ का आयोजन

# चूड़धार में आज होगा धार्मिक शांत महायज्ञ, सभी तैयारियां पूर्ण

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**

शिमला व सिरमौर जिले की सीमा पर स्थित सबसे ऊंची पर्वत श्रृंखला क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल महाराज के 11 अक्तूबर को होने जा रहे शांत महायज्ञ पर्व की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।



शिरगुल महाराज के मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया गया है। जानकारी के अनुसार नौहराधार से लेकर चूड़धार तक पुलिस के जवान तैनात रहेंगे। नौहराधार और नौहराधार से ऊपर चाबधार में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। बता दें कि शिमला, सोलन, सिरमौर और उत्तराखंड के जौनसार-बाबर क्षेत्र का यह बड़ा त्योहार है। इसमें भारी संख्या में लोगों के आने की आस है। यहां चूड़धार मंदिर के जीर्णोद्धार का कार्य 20 वर्षों से चल रहा था, जो अब पूरा हो चुका है। एसडीएम सुनील कायथ के अनुसार शिमला के चौपाल व सिरमौर के नौहराधार में व्यवस्था बनाने के लिए करीब 100 से 150 पुलिस जवानों की तैनाती होगी। इसके अलावा चूड़ेश्वर सेवा समिति के स्वयंसेवी अलग से होंगे। ठहरने की व्यवस्था के लिए तहसीलदार चौपाल रेखा शर्मा और खंड विकास अधिकारी विनीत ठाकुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। चौपाल की तहसीलदार रेखा शर्मा ने बताया कि 10 को करीब 5 हजार लोग पहुंचने का अनुमान है, जबकि 11 को यह संख्या 20 से 30 हजार का आंकड़ा पार कर सकती है।

शिमला, सोलन, सिरमौर और उत्तराखंड के जौनसार-बाबर क्षेत्र का सबसे भव्य धार्मिक आयोजन होने वाला है। चूड़ेश्वर सेवा समिति चूड़धार के प्रबंधक बाबू राम शर्मा के अनुसार इससे पहले यहां 1972 में शांत महायज्ञ का आयोजन हुआ था। 52 वर्षों के बाद एक बार पुनः इस यज्ञ का आयोजन हो रहा है महायज्ञ का प्रमुख धार्मिक अनुष्ठान 11 बजे से एक बजे के बीच कुरुड़ स्थापित करने से शुरू होगा। आपको बता दें कि कुरुड़ एक तरह से मंदिर मुकुट होता है। चूड़धार मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने महायज्ञ की सफलता के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया है। इसके लिए 16 नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। (अनंत ज्ञान)

# न्यूज ब्रीफ

## डॉ. मीनू ने संभाला संगड़ाह के प्रॉचार्य का कार्यभार

**नाहन।** संगड़ाह कॉलेज में नवनियुक्त प्रॉचार्य डॉ. मीनू भास्कर ने कार्यभार ग्रहण किया। कार्यवाहक प्रॉचार्य डॉ. देवराज शर्मा व समस्त स्टाफ ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रो. प्रमोज शर्मा, डॉ. जगदीश चंद, डॉ. जगपाल सिंह, प्रो. संदीप कुमार कनिष्क, प्रो. अजय कुमार, प्रो. अंबरा, प्रो. विनोद कुमार, प्रो. कविता चौहान आदि स्टाफ के सदस्यों ने प्रॉचार्य का स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. मीनू भास्कर ने कहा कि, छात्रों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया करवाना व शिक्षा में गुणात्मक सुधार उनकी प्राथमिकता रहेगी।

## 57 ने दी स्वामी विवेकानंद ज्ञान प्रतियोगिता

**पांवटा साहिब।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन कांटी मशवा स्कूल में किया गया। यह प्रतियोगिता पूरे हिमाचल प्रदेश में 6 अक्तूबर को आयोजित की गई थी। इस प्रतियोगिता में विद्यालय के 9वीं से 12वीं तक के 57 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिसमें 33 छात्राएं और 24 छात्र शामिल थे। प्रतियोगिता के लिए निरीक्षक के तौर पर गुरु गोविंद सिंह जी राजकीय महाविद्यालय पांवटा साहिब के छात्र वंश और रितिक ने अपनी सेवाएं दीं। प्रतियोगिता के प्रथम तीन स्थान पर आने वाले विद्यार्थियों को राज्य स्तर तथा जिला स्तर पर अलग-अलग राशि से सम्मानित किया जाएगा, तथा विद्यालय स्तर के सभी टॉपर विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## छात्रों ने दाड़लाघाट पंचायत का किया भ्रमण

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट कॉलेज के राजनीति शास्त्र विभाग के युवा राजनीतिक वैज्ञानिक समिति की ओर से आयोजित शैक्षणिक भ्रमण में छात्रों ने दाड़लाघाट पंचायत का भ्रमण किया। इस अवसर पर पंचायत सचिव धनीराम ने छात्रों को पंचायत के कार्यों और पंचायत न्याय व्यवस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके बाद छात्रों ने प्रतिनिधियों से मुलाकात की और उनसे बातचीत की। राजनीतिशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. जेपी शर्मा ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण पहले भी हुए हैं और भविष्य में भी होते रहेंगे, जिससे छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इस अवसर पर विभागीय अध्यक्ष डॉ. जेपी शर्मा, कार्यकारिणी और समिति के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## धुंदन स्कूल में 14 तक चलेगा एनएसएस शिविर

**दाड़लाघाट।** नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू हो गया है। इस शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य भीमा वर्मा ने किया। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन कमेटी के सदस्य बीआर वर्मा भी मौजूद रहे। एनएसएस प्रभारी सत्या देवी ने बताया कि यह शिविर 14 तक चलेगा और इसमें विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रधानाचार्य भीमा वर्मा ने कहा कि इस तरह की गतिविधियों से बच्चों में एकता और अनुशासन का विकास होता है।

## 13 को सरयांज में मनाया जाएगा दशहरा उत्सव

**दाड़लाघाट।** रामलीला क्लब सरयांज की आरे से 13 अक्तूबर को दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। क्लब के प्रधान गौरव ठाकुर ने बताया कि इस उत्सव का शुभारंभ मुख्यातिथि गीत चंदेल करेंगे। सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध लोकगायक राजेश भाटिया, मुकेश शर्मा, शालू धीमान और अर्की के प्रसिद्ध पहाड़ी कॉमेडियन नितेश शर्मा शिरकत करेंगे। क्लब की ओर से दशहरा उत्सव के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह आयोजन अर्की उपमंडल की पंचायत सरयांज में होगा।

## डिजिटल और वित्तीय साक्षरता पर दी जानकारी

**दाड़लाघाट।** अंबुजा आईटीआई दाड़लाघाट में हकदर्शक एंपावरमेंट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से आयोजित कार्यशाला में डिजिटल और वित्तीय साक्षरता पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। शॉर्ट स्किल ट्रेनर सोनू शर्मा की ओर से आयोजित इस सत्र में राजीव शर्मा ने सेडी आईटीआई के प्रशिक्षणार्थियों और ट्रेनर्स को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से वित्तीय लेनदेन और प्रबंधन की समझ बढ़ाना था। ऑनलाइन टूल्स और तकनीक के बारे में बताया, जिससे वह अपने वित्तीय फैसलों में आत्मनिर्भर हो सके।

## कबड्डी में बाड़ेश्वर ने मांझू को हराया

**अर्की।** अर्की के देवरा पंचायत के गांव जखौली में आयोजित दो दिवसीय दुर्गाष्टमी मेले का शुभारंभ हो गया। शुभारंभ अवसर पर मेले के पहले दिन स्थानीय पंचायत के प्रधान रूप सिंह ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने कहा कि जखौली में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां दुर्गा अष्टमी मेले का आयोजन किया जा रहा है। यह पौराणिक मेला है व मां भद्रकाली जखौली पर सबकी अपार श्रद्धा है। इस तरह के मेलों व त्योहारों से आपसी भाईचारा बढ़ता है। वहीं, एक-दूसरे की संस्कृति को समझने का अवसर भी मिलता है। मेले के पहले दिन कबड्डी व शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी के पहले दौर के मैच में बाड़ेश्वर ने मांझू, जखौली ने लुटरू महादेव, बलेरा ने सेवन स्टार व ब्वॉयज स्कूल अर्की ने बातल को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। आज मेले के दूसरे दिन सीपीएस व अर्की के विधायक संजय अवस्थी बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेंगे।

## फ्रैंकलिन और शूलिनी में समझौता ज्ञापन

**सोलन।** एक महत्वपूर्ण विकास में, शूलिनी विश्वविद्यालय ने 2+2 कार्यक्रम स्थापित करने के लिए फ्रैंकलिन विश्वविद्यालय, कोलंबस के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू को वैश्विक कार्यक्रमों और राजनीतिक पहल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और फ्रैंकलिन विश्वविद्यालय में अकादमिक मामलों के प्रोवोस्ट और कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. गॉडफ्रे मेंडेस की यात्रा के दौरान औपचारिक रूप दिया गया। इस सहयोग से दोनों विश्वविद्यालयों में शैक्षिक अवसरों में काफी वृद्धि होने और छात्रों के लिए नए रास्ते खुलने की उम्मीद है।

## डॉ. उदय बने मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष

**सोलन।** डॉ. उदय शर्मा ने डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी के मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग के विभाग अध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया है। मशोबरा में क्षेत्रीय बागवानी प्रशिक्षण एवं अनुसंधान केंद्र में सहायक वैज्ञानिक (मृदा) के रूप में डॉ. शर्मा ने अपने करियर की शुरुआत की थी, जहां डॉ. शर्मा ने मिट्टी की उर्वरता और पौधों के पोषण पर ध्यान केंद्रित किया, खासकर सेब की खेती में। मुख्य परिसर और कृषि विज्ञान केंद्र, कंडाघाट, सोलन में विभिन्न भूमिकाएं निभाने के अतिरिक्त, उन्होंने 2008 से 2012 तक कृषि विज्ञान केंद्र, चंबा में वैज्ञानिक और कार्यक्रम समन्वयक के रूप में कार्य किया।

## तुलसीराम ने पकौटी स्कूल को लिया गोद

**दाड़लाघाट।** चंडी (अर्की) क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं व्यवसायी तुलसीराम ने राजकीय उच्च विद्यालय पकौटी (बांजण) को गोद लिया है। यह कदम राज्य सरकार द्वारा चलाए गए विद्यालय संरक्षक अभियान के तहत उठाया गया है, जिसका उद्देश्य नामांकन वृद्धि, लिंगानुपात ठहराव और ड्रॉपआउट रोकना है। तुलसीराम ने कहा कि मेरा परिवार इस संस्था से कई दशकों से जुड़ा है। मेरे पिता ने विद्यालय को भूमि दान की थी और मैं भी इस विद्यालय की उन्नति के लिए हरसंभव मदद के लिए वचनबद्ध हूं। उन्होंने अध्यापकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को नैतिक शिक्षा भी दें, क्योंकि आज के समाज में नैतिकता की कमी नजर आ रही है।

## अंजलि ने लहराया सफलता का झंडा

**सोलन।** माता पद्मावती कॉलेज ऑफ नर्सिंग की छात्रा अंजलि ने एसजी पीजीआईएमसी (संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान) की परीक्षा में सफलता का झंडा लहराया है। पिछले वर्ष, अंजलि ने एम्स नॉरसेट की परीक्षा में भाग लिया था, लेकिन थोड़े से अंकों से रह गई थी। इस वर्ष, अंजलि ने एम्स नॉरसेट की पूर्व परीक्षा के साथ-साथ एसजीपीजीआईएमसी की परीक्षा में भी सफलता हासिल की। अंजलि को ऑल इंडिया 72वीं रैंक हासिल हुई। अंजलि एसजी पीजीआई लखनऊ में बतौर नर्सिंग अधिकारी सेवाएं देंगी।

## 92 रोगियों का जांचा स्वास्थ्य, दवाइयां की वितरित

**रिकांगपिओ।** आयुष विभाग की ओर से वाइब्रेंट विलेज कर्यक्रम के तहत सीमांत गांव में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगों को घरद्वार पर स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रही है। वीरवार को नेसंग पंचायत में एकदिवसीय निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि नेसंग में एकदिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, शिविर में 92 रोगियों के स्वास्थ्य की जांच की गई एवं मुफ्त दवाइयों वितरित की गई। इस शिविर में 26 पुरुष 66 महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच की गई।

## कलाअंब में रतन टाटा को किया याद

**नाहन।** हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशंस के हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट और हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ कंप्यूटर साइंस के छात्रों और शिक्षकों ने रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान आयोजित एक शोक सभा में समूह के अध्यक्ष रजनीश बंसल ने उन्हें एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर बताया।

## शादी समारोह में व्यक्ति की सीढ़ियों से गिरने से मौत

**सोलन।** क्षेत्रीय अस्पताल सोलन से पुलिस थाना सदर सोलन में सूचना मिली कि एक विमलेश नामक व्यक्ति को धर्जा में गिरने के कारण अस्पताल लाया गया है, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया है। इस सूचना पर थाना सदर सोलन की पुलिस टीम तुरंत क्षेत्रीय अस्पताल पहुंची, जहां आपातकालीन कक्ष में एक व्यक्ति का शव स्ट्रेचर पर पड़ा था। तस्दीक करने पर मृत व्यक्ति का नाम विमलेश कुमार उर्फ पंडित निवासी गांव रहमेशपूरवा डा. खाश्य तयोराशि तह. कनैलगंज जिला गौंडा उत्तर प्रदेश उम्र 39 वर्ष मालूम हुआ। अस्पताल में मृतक के शव के पास मौजूद लोगों के बयान लिए गए। छानबीन के दौरान पाया गया कि मृतक विमलेश ओच्छघाट में अपनी माता के साथ किराये के कमरे में रहता था और चूल्हे बनाने का काम करता था। 8 को मकान मालिक के बेटे की शादी थी और उक्त शादी में विमलेश की भतीजियां व उनके बच्चे भी आए थे। शादी समारोह समाप्त होने के उपरांत 9 को विमलेश कुमार अपनी भतीजियों के साथ डिस्पोजल सामग्री व अन्य सामान उठा रहे थे, तो उसी दौरान विमलेश सीढ़ियों से गिर गया। गिरने के कारण उसके सिर में काफी चोटें लगी। मौके पर मौजूद लोग उसे उपचार के लिए जल्द क्षेत्रीय अस्पताल सोलन लाए, लेकिन क्षेत्रीय अस्पताल में चिकित्सकों ने जांच के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव का पुलिस टीम की ओर से गहनता से निरीक्षण किया। समस्त कानूनी औपचारिकताएं पूर्ण करने के पश्चात मृतक का क्षेत्रिय अस्पताल सोलन में पोस्टमार्टम करवाया गया। पोस्टमार्टम के उपरांत मृतक के शव को अंतिम दाह संस्कार के लिए उसके परिजनों को सौंपा गया।

## सोलन में 48 पंचायतें टीबी मुक्त : अजय यादव

**सोलन।** सोलन जिले की 48 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। यह जानकारी अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से जिला स्तरीय टीबी मुक्त पंचायत पुरस्कार समारोह की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को जन-आंदोलन बनाने के लिए लोगों में क्षय रोग बारे जागरूकता लानी होगी। इस रोग का इलाज प्रभावी और सुलभ है तथा सरकार इस बीमारी की रोकथाम और उपचार के लिए निशुल्क दवाइयों की सुविधा प्रदान करती है। प्रदेश सरकार क्षय रोगी के उपचार के दौरान, पोषण के लिए छह माह तक 500 रुपए प्रतिमाह भी प्रदान करती है। इस बीमारी को उपचार के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए अपनी-अपनी पंचायतों में सभी नागरिकों को जागरूक करें। भारत सरकार ने इस रोग को वर्ष-2025 तक देश से उन्मूलन करने का लक्ष्य रखा है, जबकि प्रदेश सरकार ने वर्ष 2024 तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने का दृढ़ निश्चय किया है। सोलन की 48 पंचायतों को मानदंडों के आधार पर टीबी मुक्त आंका गया है, जिसमें स्वास्थ्य खंड अर्की की 16, स्वास्थ्य खंड चंडी की तीन, स्वास्थ्य खंड धर्मपुर की दो, स्वास्थ्य खंड नालागढ़ की 16 तथा स्वास्थ्य खंड सायरी की 11 पंचायतें शामिल हैं।

## इंस्पायर मानक स्कॉलरशिप के आवेदन को पांच दिन शेष

**नाहन।** उपनिदेशक उच्चतर शिक्षा सिरमौर अजित चौहान ने बताया कि मानक स्कॉलरशिप योजना के लिए आवेदन करने की तिथि को बढ़ाकर 15 अक्तूबर तक कर दिया गया है। इंस्पायर मानक स्कॉलरशिप योजना के आवेदन को मात्र पांच दिन शेष रह गए हैं तथा जिन विद्यार्थियों ने अभी तक इंस्पायर मानक अवॉर्ड में आवेदन नहीं किया है वे निर्धारित तिथि तक अपना आवेदन कर सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए इस योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन पहली जुलाई से 15 सितंबर तक करने के लिए कहा गया था, लेकिन आवेदन की धीमी गति को देखते हुए विभाग ने आवेदन की अंतिम तिथि को एक महीने तक बढ़ा दिया है। इस योजना के लिए राजकीय व निजी विद्यालयों के छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी पात्र हैं। इंस्पायर मानक योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में सृजनशीलता एवं रचनात्मक सोच को बढ़ावा देना है, इसमें विद्यार्थियों की और से विज्ञान विषय पर मॉडल तैयार किए जाते हैं। इस योजना के तहत स्कूल में छठी से दसवीं कक्षा के 10 से 15 वर्ष आयु के विद्यार्थियों को विज्ञान मॉडल बनाने के लिए 10-10 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इसके लिए पूरे देश से पोर्टल व एप के माध्यम से आवेदन किया जाता है जिसके लिए विद्यार्थी अब 15 तक आवेदन कर सकते हैं।

